YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

# आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 14 अंक 330 | नोएडा गौतमबुद्धनगर, शनिवार 14 दिसंबर 2024 | RNI-No. UPHIN/2011/37197 | पेजः 8 मूल्य : 2 रुपया



- देपसांग से हटाईं 3 सैन्य चौकियां, 20 किमी पीछे हटी

# भारतीय सेना ने गाड़ा खूंटा तो झुकी चीनी सेना

**बीजिंग (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना के 50 हजार सैनिकों की दृढ़ता का नतीजा अब आने लगा है। साल 2020 में गलवान हिंसा के बाद से ही भारतीय सेना के ये वीर जवान भीषण सर्दी में भी चीन की आंख में आंख डालकर खड़े हैं। भारतीय सेना के इस साहस का नतीजा आने लगा है और चीन को देपसांग सेक्टर में अपने सैनिकों को हटाना पड़ा है। ताजा सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि भारत और चीन में समझौते के बाद देपसांग सेक्टर के वाई जंक्शन में चीन की सेना ने अपनी 3 चौकियों को नष्ट कर दिया है। चीनी सेना करीब 20 किमी पीछे हटी है। इससे भारतीय सैनिकों ने अब आसानी से इस इलाके में गश्त लगाना शुरू कर दिया है। चीन ने अब अपनी इन सैन्य चौकियों को दूसरी जगह पर स्थापित किया है। इससे पहले चीन ने भारतीय सैनिकों को इस इलाके में गश्त लगाने से रोक दिया था और सैन्य ढांचे को मजबूत किया था। चीन ने जिन नई सैन्य चौकियों को बनाया है, वह विवादित इलाके से दूर हैं। यही नहीं पीएलए की ये सैन्य चौकियां अल्पकालिक प्रकृति की हैं। चीनी सेना पहले



की स्थिति से करीब 20 किमी पीछे गई है। ताजा सैटलाइट तस्वीरें अक्टूबर महीने में ली गई हैं। इन तस्वीरों से साफ हो गया है कि चीन ने अपनी सेना को पीछे किया है। इससे पहले 21 अक्टूबर को भारत और चीन के बीच देमचोक और देपसांग के मैदानी इलाकों में गश्त के लिए समझौता हुआ था ताकि एलएसी पर तनाव को कम किया जा सके। इस समझौते के बाद देपसांग में गश्त हो गई है। यह इलाका वैसे ज्यादा चैलेंजिंग माना जाता था। ताजा समझौते के मुताबिक अब दोनों सेनाओं के बीच गश्त अब अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति के मुताबिक होना चाहिए। इससे यह संकेत मिलता है कि इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाके में हालात सामान्य होने की ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय सेना के अधिकारी पहले ही पेट्रोल प्वाइंट 10 से 13 तक जा चुके हैं और उन्होंने खुद से चीन के सैनिकों को हटाने को वेरिफाई किया है। बताया जा रहा है कि इस गश्त के शुरू होने के बाद अब चरवाहों को भी अपनी भेड़ें चराने की अनुमति मिल सकती है। जंक्शन में गश्त लगाने का अधिकार नहीं मिलेगा तब तक कोई समझौता नहीं होगा।

## महाराष्ट्र में चुनावी झटके से हिल गई एमवीए की नींव !

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी यानी एमवीए ने महायुति को पटखनी देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। वहीं जब नतीजे आए महायुति की एक प्रचंड जीत हुई और महायुति के तीनों में से किसी घटक दल को 20 से ज्यादा सीटें तक न मिली।



इस करारी हार के बाद अब एमवीए में काफी टकराव देखने को मिल रहा है। ऐसे में शिवसेना यूबीटी ने कुछ महीनों में होने वाले बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने के संकेत दिए हैं। महाविकास अघाड़ी गठबंधन के नेताओं ने जो बयान दिए हैं, उसके बाद से सवाल ये उठ रहा है कि क्या एमवीए गठबंधन टूट सकता है। बीएमसी चुनाव अकेले ही लड़ा जाना चाहिए।

# ये देश उठेगा, ये देश लड़ेगा, सत्य मांगेगा, सत्यमेव जयते:प्रियंका

**कांग्रेस सांसद ने अपने पहले भाषण में सरकार को जमकर घेरा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद में संविधान पर बहस। लोकसभा में प्रियंका गांधी वाड्रा का पहला भाषण। विपक्ष की तरफ से बहस की शुरुआत। संसद में दिए अपने पहले ही भाषण में वाड्रा महफिल लूट ली गई। विपक्षी सदस्यों ने भाषण के दौरान बार-बार मेजें थपथपाई। प्रियंका ने अपने भाषण में उन्नाव रेप केस का जिक्र किया। संभल हिंसा की बात की। उनके बहाने बीजेपी को घेरा। कहा कि ये देश का संविधान है, संघ का विधान नहीं। जाति जनगणना क्यों जरूरी है, उसके पक्ष में तर्क



गिनाई। चुनाव के दौरान पीएम मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान पर तंज भी कसा। सरकार पर एक खास व्यक्ति को देश के संसाधनों को देने का आरोप लगाया। मोदी सरकार की तरफ से विपक्षी नेताओं के कथित दमन का मुद्दा उठाया। कहा कि ये देश भय से नहीं चलेगा, साहस से ही चल सकता है। ये देश कायरों के हाथों में ज्यादा देर तक कभी नहीं रहेगा, ये देश उठेगा, ये देश लड़ेगा। प्रियंका गांधी ने कहा, संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि नेहरू, राजगोपलचारी सबका एक विजन है। उस समय के तमाम नेता इस संविधान को बनाने के लिए सालों के लिए जुटे रहे। हमारा संविधान इंसाफ, उम्मीद और अभिव्यक्ति और आकांक्षा की वो ज्योति है जो हर हिंदुस्तानी के दिल में जगती है, इस ज्योति ने हर भारतीय को शक्ति दी है।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी की जमानत मंजूर

## एससी बोला-ट्रायल कोर्ट 31 दिसंबर से पहले आरोप तय करे; हर हाल में 1 फरवरी तक रिहाई हो

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत मंजूर कर ली, लेकिन कुछ शर्तें भी लगाई हैं। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को विंटर



वेकेशन या 31 दिसंबर 2024, जो भी पहले हो, आरोप तय करने का फैसला करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा, चटर्जी को 1 फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि ट्रायल कोर्ट विंटर वेकेशन से पहले उन पर आरोप तय करे। साथ ही जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे हफ्ते तक कमजोर गवाहों की बयान रिकॉर्ड करे। कोर्ट ने कहा कि यह काम पूरा होने के बाद ही पार्थ चटर्जी को जमानत पर रिहा किया जाएगा। साथ ही यह भी साफ कर दिया कि पार्थ चटर्जी को 1 फरवरी से आगे हिरासत में नहीं रखा जा सकता।



# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह



डॉ. आर.के. सिन्हा

**आज सारे भारत का बच्चा - बच्चा डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक गौरवशाली इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। गुकेश कैसे बन गए विश्व शतरंज चैंपियन? इसी विषय पर यह आलेख।**

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है।

गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

### रणनीतिक गहराईः

गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं।

गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है।



उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है।

इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है।

आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरूआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं।

आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे।

ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है।

शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है।

शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जाएगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# संसद में दलदल

संसद बुरी तरह निराश कर रही है। लोगों की अपेक्षाएं ध्वस्त हो रही हैं। लोक सभा में इस समय जो हो रहा है, वैसे तो वह लंबे समय से सिलसिला बना हुआ है, लेकिन अब लगता है कि संसद को, संसद की गरिमा को और संसद के प्रति जन आस्था को जिस दल-दल में फंसा दिया गया है, वहां से इसका उबरना या अपने धवल रूप में बाहर आना संभव नहीं रह गया है। संसद के इस तरह निरर्थक बना देने के लिएन कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार है, न कोई एक दल और न कोई एक मुद्दा। हर मुद्दा विवादित, हर व्यक्ति उत्तेजित और हर दल आक्रामक है। सरकार संसद न चलने देने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाती रहती है, और विपक्ष इसके लिए सरकार को कठघरे में खड़ा करता रहता है। सभापति या अध्यक्ष जैसे जिन पदों पर तटस्थ, निष्पक्ष और निर्णायक भूमिका में बने रहने की अपेक्षा होती है, वे ड़गमगाहट के शिकार होने लगे हैं। ऐसा पहली बार है कि राज्य सभा के सभापति के विरुद्ध विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। यह घटना अब तक के संसदीय इतिहास की अपनी तरह की पहली घटना है, और इसे काले धब्बे की तरह याद किया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि उपराष्ट्रपति एवं राज्य साभा के सभापति जगदीप धनखड़.विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं देते। नेता विपक्ष के प्रति अवांछित भाषा एवं व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। भाजपा के प्रवक्ता के बतौर काम करते हैं। सरकार के झूठ का खंड़न नहीं करने देते। ऐसे सभापति को पद पर नहीं रहना चाहिए। सरकार इसे विपक्ष की अतिवादिता बताती है, और विपक्ष का निम्न आचरण करार देती है। सरकार और विपक्ष के बीच यह ऐसा गतिरोध है जिसका कोई समाधान नहीं है। विपक्ष को पता है कि राज्य सभा में उसके पास संख्याबल नहीं है, और अविश्वास प्रस्ताव को गिर जाना है, लेकिन शायद विपक्ष इस प्रस्ताव की भावी दुष्परिणति की कल्पना नहीं कर पा रहा है। इसने सरकार को और अधिक थेथर बना दिया है। हो सकता है कि वह अपने सभापति के किसी आचरण या विशेष कृत्य को उचित न मानती हो, लेकिन कमर कस के सभापति के पक्ष में खड़ी रहेगी और संसद चले या नहीं चले, विपक्ष की मंशा पूरी नहीं होने देगी। विपक्ष को यह प्रस्ताव लाने से बचना चाहिए था। इससे उसने न अपना भला किया है, और न संसद का, न लोकतंत्र का और न देश की जनता का।



## चिंतन-मनन

# दुखः भी सहें

आज स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यो से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा- मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ऐसा क्यों? उत्तर मिला-यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर। मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (प्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया।

कहने का आशय यह है कि आज भी प्रायः व्यक्ति अपनी रामायण (प्रशस्ति) चाहते हैं, पर कष्ट देखना, सहना कोई नहीं चाहता। महात्मा गांधी बनने को सब तैयार हैं, लेकिन गोली खाने के लिए कौन तैयार है?

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस : ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी



योगेश कुमार गोयल



ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन एक विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है'। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

# संसद : कैसे खत्म हो गतिरोध



रजनीश कपूर

संसद का शीतकालीन सत्र पहले दिन से हंगामेदार बना हुआ है। विपक्ष ने सरकार को अदानी मुद्दे पर घेर रखा है। उसकी मांग है कि सरकार अदानी मुद्दे पर बयान दे कर अपना रुख साफ करे। परंतु जैसे ही विपक्ष इस मुद्दे को उठाता है तो हल्ला मच जाने के कारण संसद के सत्र को स्थगित करना पड़ता है। राज्य सभा में भी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है कि जब भी विपक्ष सरकार को भ्रष्टाचार या अन्य किसी मुद्दे पर घेरने की कोशिश करता है तो संसद का वह सत्र शोर-शराबे के बीच बर्बाद हो जाता है। विपक्षी दलों का आरोप है कि जब भी सरकार के पास उनके सवालों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं होता तो संसद को ठप कर देती है पर इसके लिए विपक्ष को ही जिम्मेदार ठहराती है। भ्रष्टाचार की बात करें तो दुनिया के देशों में भ्रष्टाचार के सूचकांक को जारी करने वाली संस्था 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का 28 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का धन अवैध रूप से विदेशों में जमा है। रिपोर्ट के बाद किसी भी सरकार को हरकत में आना चाहिए था और इस एजेंसी व ऐसी अन्य एजेंसियों की मदद से इस रिपोर्ट के आधार बिन्दुओं की जांच करनी चाहिए थी जिससे भ्रष्टाचार की जड़ पर कुठाराघात किया जा सकता। पर सरकार किसी भी दल की क्यों न रही हो जब-जब उससे इस बाबत पूछा गया कि उसने इस रिपोर्ट को लेकर तथ्य जानने की क्या कोशिश की तो सरकार का उत्तर था, चूंकि 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' भारत सरकार का अंग नहीं है, इसलिए उसकी रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। यहां 2011 की एक घटना को याद करना उचित होगा। जब सत्ता पक्ष को भ्रष्टाचार के मामले में जोड़-शोर से घेरने वाली भाजपा को ही मीडिया ने घेर लिया था। मीडिया का सवाल था कि सत्ता पक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार की मांग करने वाली भाजपा अपनी कर्नाटक सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री येदुरूप्पा के घोटालों के विषय में चुप क्यों है?

भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष नितिन गडकरी ने बड़ा ही हास्यास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा, 'येदुरूप्पा ने जो कुछ किया, वह अनैतिक है पर अवैध नहीं।' अब इस बयान को पढ़कर कौन ऐसा होगा जो अपना सिर न धुने यानी क्या भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व सार्वजनिक जीवन में अनैतिक आचरण को स्वीकार्य मान रहा था? यही वजह है कि उस समय की भाजपा की कथनी-करनी में भ्रष्टाचार से लड़ने और उसे समाप्त करने की कोई मंशा दिखाई नहीं दी। सारा शोर राजनैतिक लाभ उठाने को मचाया गया। जनता को संदेश दिया गया कि विपक्ष भ्रष्टाचार के विरूद्ध है, जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा भाजपा नेतृत्व भ्रष्टाचार से लड़ना ही नहीं चाहता था। इसलिए उस समय का विपक्ष जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ था जिसका कोई हल निकलने वाला नहीं था और उस समय का गतिरोध यूं ही चलता रहा। न सिर्फ भ्रष्टाचार व अन्य मामलों को लेकर सरकार पर, बल्कि चुनाव आयोग पर भी चुनावों की प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। चुनाव बाद सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न बने। चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संविधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग हर चुनाव को पारदर्शिता से कराना चाहिए। यह बात बीते महीनों से विपक्षी दल और अन्य जागरूक नागरिक कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए।

बीते कुछ समय से चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर और चुनावी आंकड़ों को लेकर काफी विवाद चल रहा है। हर विपक्षी दल ने एक सुर में आवाज लगाई कि ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। 'इंडिया' गठबंधन अगर सोचता है कि वो देश में अदानी मुद्दे और ईवीएम के मुद्दे पर 'बोफोर्स' जैसा माहौल बना लेगा तो संभव नहीं लगता। कारण, बोफोर्स के समय नेतृत्व देने के लिए विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसी साफ छवि वाला नेता मौजूद था और आज के राजनेताओं में ऐसा एक भी चेहरा नहीं जिसे जनता बेदाग मानती हो। जब नेतृत्व में ही जनता का विश्वास नहीं तो ऐसे मुद्दों पर जन आंदोलन कैसे बनेगा?



हां अगर विपक्ष एकजुट होकर किसी साफ छवि वाले नेता को अपना नेतृत्व सौंपता है, तब संभावना अवश्य है कि जनता का कुछ विश्वास हासिल किया जा सके पर इसमें भी पेच है। ऐसे नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारने में सभी विपक्षी दल मानसिक रूप से तैयार हों। परंतु देश की संसद में गतिरोध पैदा करके सिवाय करदाता के पैसे की बबार्दी के अलावा कुछ नहीं हो रहा। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म कर देना चाहिए।

**आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित :** स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197**, 9310549614 किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

## कक्षा 1-8 तक की परीक्षाएं 23 से शुरू होंगी

**नोएडा।** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की परीक्षा 23 से 28 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। 29 दिसंबर तक कॉपियों का मूल्यांकन और 30 दिसंबर को परीक्षाफल जारी कर, प्रगति रिपोर्ट वितरित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय की ओर से परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण और प्रदेश स्तर पर निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) के आयोजन की वजह से इस बार छमाही परीक्षाएं अपेक्षाकृत थोड़ी देर से हो रही हैं। इसके चलते बेसिक शिक्षा परिषद की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं दो महीने की देरी से हो रही है। बच्चों को बांटी गई किताब में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का समय अक्तूबर अंत लिखा है। वहीं, बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार 23 से 28 दिसंबर तक परीक्षा कराई जाएंगी। बता दें कि विद्यालयों में ब्लैक बोर्ड और प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी कराकर छमाही परीक्षा कराई जाएंगी। कक्षा एक की छमाही परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो और तीन में लिखित और मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 50-50 नंबर की होगी। वहीं कक्षा चार और पांच में लिखित और मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 70-30 नंबर की होगी।

# डीएम ने रेन बसेरे का किया औचक निरिक्षण





**आज का मुद्दा आशीष कुमार**
**बुलन्दशहर :** गुरुवार की देर रात्रि जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने आश्रय गृह खुर्जा का स्थलीय निरीक्षण किया। आश्रय गृह में ठहरे व्यक्तियों से वार्ता कर आश्रय गृह की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। आश्रय गृह में ठहरे व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि रुकने हेतु कोई परेशानी नहीं है, आश्रय गृह खुला रहता है और कर्मचारी नियमित मिलते हैं। जिलाधिकारी द्वारा आश्रय गृह में आने वाले व्यक्तियों का आगंतुक रजिस्टर भी चेक किया गया। आश्रय गृह की नियमित साफ सफाई के निर्देश भी दिए। उक्त पश्चात जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने खुर्जा सिटी रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन का भी निरीक्षण किया। स्टेशनों के वेटिंग रूम की व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही रात्रि में रुकने वाले यात्रियों के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिसपर स्टेशन मास्टरों द्वारा बताया गया कि समस्त स्टाफ को रैन बसेरों के कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर उपलब्ध करा दिए गए हैं। कोई यात्री रैन बसेरे में रुकना चाहता है तब रैन बसेरे के कर्मचारियों से सम्पर्क किया जाता है तत्पश्चात ही रैन बसेरे कर्मचारी गाड़ी के माध्यम से यात्री को रैन बसेरे में ले जाते हैं और पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराते हैं। जिसपर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने स्टेशन मास्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरे के कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर अलग-अलग स्थानों पर अंकित करा दें, जिससे यात्री स्वयं भी सम्पर्क कर रैन बसेरे में जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित पैट्रोलिंग कराते रहें, जिससे कोई भी व्यक्ति शीतकालीन रात्रियों में बाहर न सोने पाए, और अलग-अलग स्थानों पर अलाव भी जलाना सुनिश्चित किए जाएं, जिससे आमजन व यात्री सर्दी में ताप सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खुर्जा दुर्गेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लखनऊ से डॉक्टर को किया अगवा, अयोध्या समेत अन्य जगहों में तीन दिन तक कार में घुमाते रहे

**आज का मुद्दा-(के0जी0 शर्मा) लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की अयोध्या रोड पर स्थित गोयल अस्पताल के पास से असलहे से लैस बदमाशों ने एक डॉक्टर को उन्हीं की कार से अगवा कर लिया। इसके बाद पीड़ित को तीन दिन तक कार में बंधक बनाकर अलग-अलग जिलों में घुमाते रहे। बदमाशों ने पीड़ित से सात लाख रुपये फिरौती के तौर पर ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित किसी तरह बदमाशों के चंगुल से बच कर घर पहुंचा। उन्होंने इस संबंध में बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कमता स्थित शंकरपुरी इलाके में रहने वाले डॉ. सुरेन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह होम्योपैथिक के डॉक्टर हैं। कमता स्थित हनुमान मार्केट में उनका विश्वास होम्यो क्लिनिक एवं डायबिटिक सेंटर है। उनकी पत्नी डॉ.गीता सिंह ने भारत सेवक समाज (बीएसएस) संस्था चेन्नै की फ्रेंचाइजी ले रखी थी। फ्रेंचाइजी के जरिए पैरा मेडिकल से संबंधित कोर्स करवाया जाता है। पत्नी की मौत के बाद से फ्रेंचाइजी का काम वह ही देख रहे हैं। 8 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे क्लिनिक पर दो युवक पहुंचे और छह बच्चों के एडमिशन के संबंध में बात की। दोपहर करीब 2 बजे दोनों युवक प्रवेश से संबंधित बातें करके चले गए। जाते समय कहा कि शाम को आएंगे।

## दिल्ली के 6 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, अभिभावकों में मची खलबली

**(के0जी0 शर्मा) नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। शुक्रवार (13 दिसंबर) को दिल्ली के 4 स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले। उधर, इसकी जानकारी लगने पर अग्निशमन अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बता दें कि दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश डीपीएस, सलवान स्कूल, मॉडर्न स्कूल और कैंब्रिज स्कूल को ई-मेल के माध्यम से धमकी मिली है। पुलिस ने चारों ही स्कूलों में पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विस्तृत जांच करने की सामान्य मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन कर रही है। भटनागर पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार, कैंब्रिज स्कूल, श्रीनिवासपुरी, डीपीएस, ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल, डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, सफदरजंग एन्क्लेव और वेंकटेश पब्लिक स्कूल रोहिणी को धमकी दी गई है। इस धमकी से अभिभावकों और अधिकारियों में खलबली मची है।

## जिलाधिकारी ने किया निपुण असेसमेंट टेस्ट (एन ए टी) परीक्षा का निरीक्षण





आज का मुद्दा (आशीष कुमार)
बुलंदशहर : जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने गुरुवार को कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय काजमपुर देवली का दौरा किया और निपुण असेसमेंट टेस्ट (एन ए टी)) परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा और परीक्षा की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से उनकी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी के बारे में बातचीत की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाते रहें।जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापकों को निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाए और उनकी बौद्धिक क्षमताओं का विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मिड डे मील की व्यवस्था की भी समीक्षा की और इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार पोषणयुक्त और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी के इस दौरे से बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय प्रशासन को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।
इसके अलावा, जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान को विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) लक्ष्मीकांत पांडेय भी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कैंप का फीता काटकर डीएम ने किया उद्घाटन





**आज का मुद्दा (आशीष कुमार)**
**बुलंदशहर :** कलेक्ट्रेट में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर 13 एवं 14 दिसंबर को दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की चिकित्सकों के द्वारा जांच कर आवश्यकतानुसार उपचार दिया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कंट्रोल रूम में आयोजित स्वास्थ्य कैंप का फीता काटकर उद्घाटन किया। कैंप में आए चिकित्सकों से भी वार्ता करते हुए कहा कि कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हे उपचार दिया जाए। कर्मचारियों से भी कहा कि तनाव मुक्त वातावरण में ड्यूटी करे। ड्यूटी के साथ साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार उपस्थित रहे।

## किसान मजदूर की आवाज उठाने में आगे बड़ा भाकियू अराजनैतिक संगठन

**इमरान सैफी बुलंदशहर बुलंदशहर** जिले में भाकियू अराजनैतिक संगठन लगातार किसान मजदूर की लड़ाई लड़ने में आगे बढ़ रहा है ,जिसके चलते दूसरे संगठनों को छोड़ किसान अराजनैतिक संगठन पर भरोसा जता रहे हैं, वही संगठन के लिए काफी समय से मेहनत करते आ रहे भाईपुरा निवासी जिला महा सचिव नासिर प्रधान ने बताया की, अराजनैतिक संगठन व संगठन है जिसने सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ने का काम किया बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी किसानों को



किसान का हक दिलाया, और मजदूर किसान की सुनवाई न होने पर उन्हे उनका हक दिलाने का काम किया है, जिला महा सचिव व्यापार प्रकोष्ठ नासिर प्रधान ने ये भी बताया की जहा हमारे कार्यकर्ता को कोई परेशानी होती है तो हमारा संगठन उसे पूरी मदद पहुँचने का काम करता है, उन्होंने कहा की व पिछले काफी लंबे समय से जिला अध्यक्ष इफ्तिखार चौधरी के आदेश अनुसार संगठन में कार्य कर रहे हैं, संगठनों के नियमों का पालन कर संगठन का कुनबा बढ़ाने मै लगे है, वही जिला अध्यक्ष इफ्तिखार ने बताया की नासिर प्रधान हमारे काफी पुराने पदाधिकारी हैं, और अच्छी छवि के आदमी है, और संगठन के लिए तन मन धन से मेहनत करते है, वही जिला अध्यक्ष ने कहा की हम अपने ऐसे जाबाज सिपाहियों की सराहना करते है, और उम्मीद करते है,ऐसे जाबाज सिपाही हमारे संगठन में होना गर्व की बात है

## एसडीएम ने मामऊ राशन की दुकान का किया निरीक्षण





**शिकारपुर :** शुक्रवार को एसडीएम दीपक कुमार पाल ने शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव मामऊ स्थित राशन की दुकान का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर फ्री राशन पोस्ट, दुकान राशन स्टॉक की डिटेल बोर्ड पर नही मिली है। एसडीएम ने राशन की दुकान में मिली कमियों को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर नरेंद्रपाल सिंह को आवश्यक निर्देश दिए हैं। शिकारपुर के गांव मामऊ स्थित राशन का शुक्रवार को एसडीएम दीपक कुमार पाल ने निरीक्षण किया। राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान राशन स्टॉक रजिस्टर सहित दुकान के स्टॉक में भिन्नता मिली है। दुकान के बाहर राशन स्टॉक बोर्ड पर राशन नहीं लिखा, अन्य जरूरी निर्देश को बोर्ड पर नही लिखा गया है। निरीक्षण के दौरान राशन डीलर की दुकान पर काफी कमियां मिली है। जिसको लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के आधार पर राशन डीलर से मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार लाभार्थियों को राशन का वितरण किया जाए। बिना किसी हेराफेरी के लाभार्थियों को राशन दिया जाए। राशन में हेरा फेरी करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## नौकरी लगवाने के नाम पर गिरोह ने ठग लिए साढ़े तेरह लाख वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की कार्रवाई की मांग

**अमित कुमार (आज का मुद्दा )बुलंदशहर :-** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव अडौली निवासी अमित पुत्र छोटन सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बेरोजगारों से नौकरी लगवाने का झांसा देकर अपने और अपने परिचितों के साढ़े तेरह लाख रुपए हड़प लिए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से नामजद आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि पौंडरी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी एवं दो पुत्रों के साथ मिलकर अनेक बेरोजगार युवाओं को नौकरी लगवाने का झूठा आश्वासन देकर साढ़े तेरह लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित का कहना है कि इस गिरोह में उस व्यक्ति के साले के दो लड़के भी शामिल हैं। सहकारी नगर के एक पब्लिक स्कूल में इस गिरोह के लोगों से उनकी बातचीत शुरू हुई थी। उन्होंने विभिन्न कोर्स कराने के नाम पर छः लाख रुपए ठग लिए और उसकी व उसके रिश्तेदार शिवम से रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख छत्तीस हजार सात सौ रुपए अपने बैंक खाते में जमा करा लिये तथा चार लाख रुपए नकद वसूल लिए। अभियुक्तों ने फर्जी मैडिकल प्रमाण पत्र और फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब उनसे अपना धन वापस मांगा तो ठगों ने गला दबाकर जान से मार डालने का प्रयास किया और परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप कर ठगों के इस गिरोह के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच पड़ताल कराकर आरोप सत्य पाये जाने पर कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने की बैठक, किसानों की गिरफ्तारी से इरादे हुए और मजबूत : चौ0 पवन तेवतिया



**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** गौतमबुद्ध नगर में किसान आंदोलन के चलते लगातार किसान अपनी गिरफ्तारी दे रहे हैं। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा की शुक्रवार को एक बैठक गांव में हुई। बैठक में 30 से अधिक किसान संगठन एक साथ मौजूद रहे और सभी ने आंदोलन को आगे बढ़ाने और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। साथ ही, बैठक में सभी किसान संगठनों ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा पहले की तरह आज भी एकजुट है। और इस घटना के बाद और ज्यादा मजबूत और अपना हक लेने के लिए तत्पर है।

### संयुक्त किसान मोर्चे के सभी संघठन बैठक में हुए शामिल

दरअसल, शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चे ने एक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत, भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत, जय जवान जय किसान, किसान एकता संघ, भारतीय किसान यूनियन मंच, किसान एकता महासंघ, किसान परिषद, भारतीय किसान यूनियन भानु, भारतीय किसान यूनियन अखंड, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति, भारतीय किसान यूनियन अजगर, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा आदि लगभग 30 से अधिक संगठन मौजूद रहे। बैठक में सभी संघठन के प्रतिनिधि और राष्ट्रीय अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सभी किसान संगठनों ने एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। जिसके चलते लगातार आंदोलन को आगे बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है।

### किसान और किसान नेता जेल में बंद है उन्हें तुरंत बिना शर्त रिहा किया जाए

भारतीय किसान यूनियन सम्पूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष चौ0 पवन तेवतिया ने बताया कि बैठक में किसानों द्वारा निर्णय लिया गया कि पुलिस की बर्बरता और बनाए जा रहे माहौल को तुरंत समाप्त किया जाए। साथ ही साथ जो किसान और किसान नेता जेल में बंद है उन्हें तुरंत बिना शर्त रिहा किया जाए। इसके साथ ही एक सद्भाव पूर्ण माहौल तैयार किया जाए जिससे वार्ता और संवाद का माहौल तैयार हो सके। लोकतंत्र के सभी पक्षों के अधिकार सुरक्षित किए जाएं क्योंकि धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बात रखना हमारा संवैधानिक अधिकार है। संयुक्त किसान मोर्चा पहले की तरह आज भी एकजुट है। किसानों की गिरफ्तारी के इस घटनाक्रम के बाद किसान मोर्चा और ज्यादा मजबूत और अपने हक लेने के लिए तत्पर है। शासन, प्रशासन और सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक निर्णय लिए जाने की स्थिति में संयुक्त किसान मोर्चा दोबारा कोई बड़ा निर्णय लेने के लिए विवश होगा। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष पवन तेवतिया ने दी।

## किसानों को खत्म करना चाहता है ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण - देवदत्त भाटी



**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को किसानों ने महापंचायत की। इसमें भारतीय किसान यूनियन के किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन सम्पूर्ण भारत के युवा मोर्चा के राष्ट्रिय अध्यक्ष शामिल हुए। इसके साथ संयुक्त मोर्चा से जुड़े लगभग 12 संगठन के लोग व हजारों किसान भी महापंचायत में शामिल हुए। संयुक्त किसान मोर्चे द्वारा पुराने भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रभावित किसानों को 10% प्लॉट और 64.7 प्रतिशत बढ़े हुए मुआवजा की मांग की गई। साथ ही 1 जनवरी, 2014 के बाद अधिग्रहण की गई भूमि पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा और 20% प्लॉट की मांग की भी की गई। किसानों ने कहा, जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, उनके बच्चों को रोजगार व पुनर्वास का लाभ मिले। साथ ही हाई पावर कमेटी द्वारा पास किए गए मुद्दों पर सरकारी आदेश जारी किया जाए। पंचायत में देवदत्त भाटी ने कहा कि प्राधिकरण और सरकार, किसानों को बांटकर उनको खत्म करना चाहती है। लेकिन, अब यहां के किसानों ने सभी किसान यूनियनों ने एक साथ मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा बनाया है। अब इस एक बैनर तले किसानों की सभी मांगों को पूरा कराया जाएगा। महापंचायत सभी संगठनों को एक साथ लाकर की जा रही है। इसके बाद जो निर्णय लिया जाएगा, उसके आधार पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# सीआरपीएफ के जवान की सड़क हादसे में मौत






**आज का मुद्दा**
**उत्तर प्रदेश :**घर में बहन की शादी को लेकर चल रही थी तैयारियां भाई की मौत शादी की खुशियां मातम में बदली परिवार में मचा हाहाकार परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।
अर्धसैनिक जवान छुट्टी बढ़वाने के लिए गया था ऑफिस, लौटते समय गाजियाबाद में हुआ एक्सीडेंट, डॉक्टर ने किया मृत घोषित, बुलंदशहर ककोड़/चोला थाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा निवासी नीरज पुत्र राकेश उम्र करीब 32 वर्ष अर्ध सैनिक बल में तैनात थे जिनके दो बच्चे एक पुत्र 8 वर्ष और एक पुत्री 6 वर्ष हैं। जिनकी पोस्टिंग बवाना दिल्ली थी। जिनकी वर्तमान में ड्यूटी किसान आंदोलन दिल्ली में लगी हुई थी जहां से दो दिसंबर 2024 को छुट्टी लेकर अपने गांव में आए हुए थे। घर में बहन की शादी के लिए दिल्ली हेडक्वार्टर छुट्टियां बढ़वाने और कैंटीन से घरेलू समान ले कर अपने घर बड़ौदा लौट रहे थे। लौटते समय जनपद गाजियाबाद में लाल कुआं से थोड़ा आगे इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के समीप महिंद्रा पिकअप की साइड लगने से एक्सीडेंट हो गया। जिनको आनन फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उन्हें डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिनका पार्थिक शरीर शुक्रवार को उनके गांव बड़ौदा लाया गया। जहां गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर चोला थाना पुलिस और सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। जिनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19244013 | सस्पेंशन स्प्रिंग (प्राइमरी) फॉर डब्लू ए पी | 576 नग | 06-01-25 |
| 02 | 08235690 | प्रोक्योरमेंट ऑफ़ एम एस डी ए सी | 30 सेट | 06-01-25 |
| 03 | 09242036 | एडाप्टर | 37492 नग | 08-01-25 |
| 04 | 09242047 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक | 193000 नग | 09-01-25 |
| 05 | 07243448B | प्राइमरी स्प्रिंग (आउटर) फॉर एल एच बी कोचेस | 996 नग | 09-01-25 |
| 06 | 07241373A | पी ओ एच किट (मस्ट चेंज आइटम्स) | 2323 सेट | 13-01-25 |
| 07 | 07241303 | सेमी परमानेंट कपलर | 397 नग | 13-01-25 |
| 08 | 19240537 | माइक्रोप्रोसेसर बेस्ड एनर्जी कम स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट | 28 नग | 27-01-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 81 / 2024–2025 दिनांक 13.12.2024 3823/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तुलसी की खेती





## परिचय

तुलसी की ओसिमम प्रजाति को तेल उत्पादन के लिए उगाया जाता है। तुलसी की इस प्रजाति की भारत में बड़े पैमाने पर खेती होती है। उत्तर प्रदेश में बरेली, बादयूं, मुरादाबाद और सीतापुर जिलों में तथा बिहार के मुंगेर जिला में इसकी खेती की जाती है। इसका प्रयोग परफ्यूम व कास्मेटिक इंडस्ट्रीज में अधिक होता है। तूलसी की ओसीमस सेंक्टेम प्रजाति के सारभूत तेल की अधिक कीमत होती है, किन्तु तेल की मात्रा कम मिलती है।

## तुलसी की विभिन्न प्रजातियां

भारत में तुलसी का पौधा धार्मिक एवं औषधीय महत्व का है। इसे हिंदी में तुलसी, संस्कृत में सुलभा, ग्राम्या, बहूभंजरी एवं अंग्रेजी में होली बेसिल के नाम से जाना जाता है। लेमिएसी कूल के इस पौधे की विश्व में 150 से ज्यादा प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इसकी मूल प्रकृति एवं गुण एक समान हैं।

प्रमुख प्रजातियाँ निम्न प्रकार हैं

## बेसिल तुलसी या फ्रेंच बेसिल

डाउनलोड करें किसान समाधान एंड्राइड एप्प और जाने अन्य व्यापारिक फसलों की जानकारी

स्वीट फेंच बेसिल या बोबई तुलसी

कर्पूर तुलसी

काली तुलसी

वन तुलसी या राम तुलसी

जंगली तुलसी

होली बेसिल

## श्री तुलसी या श्यामा तुलसी

तुलसी अत्यधिक औषधीय उपयोग का पौधा है। जिसकी महत्ता पुरानी चिकित्सा पद्धति एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धति दोनों में है। वर्तमान में इससे अनेकों खाँसी की दवाएँ साबुन, हेयर शैम्पू आदि बनाए जाते लगे हैं। जिससे तुलसी के उत्पाद की मांग काफी बढ़ गई है। अतः मांग की पूर्ति बिना खेती के संभव नहीं हैं।



## मृदा व जलवायु

इसकी खेती, कम उपजाऊ जमीन जिसमें पानी की निकासी का उचित प्रबंध हो, अच्छी होती है बलूई दोमट जमीन इसके लिए बहुत उपयुक्त होती हैं। इसके लिए उष्ण कटिबंध एवं कटिबंधीय दोनों तरह जलवायु होती है।

## भूमि की तैयारी

जमीन की तैयारी ठीक तरह से कर लेनी चाहिए। जमीन जों के दूसरे सप्ताह तक तैयार हो जानी चाहिए।

## बुवाई / रोपाई

इसकी खेती बीज द्वारा होती है लेकिन खेती में बीज की बुवाई सीधे नहीं करनी चाहिए। पहले इसकी नर्सरी तैयार करनी चाहिए। बाद में उसकी रोपाई करनी चाहिए।

## पौध तैयार करना

जमीन की 15 - 20 सेमी. गहरी खुदाई कर के खरपतवार आदि निकाल तैयार करा लेना चाहिए। 15 टन प्रति हे. की दर से गोबर की सड़ी खाद अच्छी तरह से मिला देना चाहिए। 1 मी. ङ्ग 1 मी. आकार की जमीन सतह से उभरी हुई क्यारियां बना कर उचित मात्र में कंपोस्ट एवं उर्वरक मिला दिन चाहिए। 750 ग्रा. - 1 किग्रा. बीज एक हेक्टयेर के लिए पर्याप्त होता है। बीज की बुवाई 1:10 के अनुपात में रेत या बालू मिला कर 8-10 सेमी. की दूरी पर पक्तियां में करनी चाहिए। बीज की गहराई अधिक नहीं होनी चाहिए। जमाव के 15-20 दिन बाद 20 कि./ हे. की दर से नेत्रजन डालना उपयोगी होता है। पांच- छह सप्ताह में पौध रोपाई हेतु तैयार हो जाती है।

## रोपाई

सूखे मौसम में रोपाई हमेशा दोपहर के बाद करनी चाहिए। रोपाई के बाद खेत को सिंचाई तुरंत कर देनी चाहिए। बादल या हल्की वर्षा वाले दिन इसकी रोपाई के लिए बहुत उपयुक्त होते हैं। इसकी रोपाई लाइन में लाइन 60 से. मी. तथा पौधे से पौधे 30 से. मी. की दूरी पर करनी चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

इसकी पहली निराई गुड़ाई रोपाई के एक माह बाद करनी चाहिए। दूसरी निराई - गुड़ाई पहली निराई के 3-4 सप्ताह बाद करनी चाहिए। बड़े क्षेत्रों में गुड़ाई ट्रैक्टर से की जा सकती है।

## उर्वरक

इसके लिए 15 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद जमीन में डालना चाहिए। इसके अलावा 75-80 किग्रा. नेत्रजन 40-40 किग्रा. फास्फोरस व पोटाश की आवश्यता होती है। रोपाई के पहले एक तिहाई नेत्रजन तथा फस्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा खेत में डालकर जमीन में मिला देने चाहिए। शेष नेत्रजन की मात्रा दो बार में खड़ी फसल में डालना चाहिए।

## कटाई

जब पौधे में पूरी तरह से फूल आ जाए तथा नीचे के पत्ते पीले पड़ने लगे तो इसकी कटाई कर लेनी चाहिए। रोपाई के 10-12 सप्ताह के बाद यह कटाई के लिए तैयार हो जाती है।

## आसवन

तुलसी का तेल पूरे पौधे के आसवन से प्राप्त होता है। इसका आसवन, जल तथा वाष्प, आसवन, दोनों विधि से किया जा सकता है। लेकिन वाष्प आसवन सबसे ज्यादा उपयुक्त होता है। कटाई के बाद तुलसी के पौधे को 4-5 घंटे छोड़ देना चाहिए। इससे आसवन में सुविधा होती है।

## आय - व्यय विवरण

प्रति हेक्टेयर व्यय - रू. 10,500

तेल का पैदावार - 85 किलो प्रति हेक्टेयर

टेल की कीमत - 450 - रूपया प्रति किलो - 8/5 ङ्ग 450 = 38,250

**शुद्ध लाभ :** रू. 38, 250 - 10,500 = 27,750

## पैदावार

इसके फसल की औसत पैदावार 20 - 25 टन प्रति हेक्टेयर तथा तेल का पैदावार 80-100 किग्रा. हेक्टेयर तक होता है।



# गुडमार औषधीय पौधे की खेती



## गुडमार की खेती

विश्व में पाये जाने वाले अनेकों बहुमूल्य औषधीय पौधों में गुडमार एक बहुउपयोगी औषधीय पौधा है। यह एस्कलपिडेसी कुल का सदस्य है। इसका वानस्पतिक नाम जिमनिमा सिलवेस्ट्री है। गुडमार के पत्ते तथा जड़ औषधीय रूप में उपयोग किये जाते हैं।



## वानस्पतिक विवरण

गुडमार बहुवर्षीय लता है। गुडमार की शाखाओं पर सूक्ष्म रोयें पाये जाते हैं। पत्ते अभिमुखी मृदूरोमेश अग्रभाग की तरफ नोकदार होते हैं। एस पर पीले रंग के गुच्छेनुमा फूल अगस्त - सितम्बर माह में खिलते हैं। गुडमार के फल लगभग 2 इंच लम्बे एवं कठोर होते हैं तथा बीज छोटे एवं काले - भूरे रंग के होते हैं।

## भौगोलिक वितरण

यह भारत वर्ष के विभिन्न भागों जैसे - मध्य भारत, पशिचमी घाट, कोकण, त्रवनकोर क्षेत्र के वनों में पाया जाता हैं। गुडमार मध्य प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से काष्ठीय रोयेंदार लता के रूप में पाये जाने वाली वनस्पति हैं।

## औषधीय उपयोग

गुडमार की पत्तियों का उपयोग मुख्यतः मधुमेह - नियंत्रण औषधीयों के निर्माण में किया जाता है। इसके सेवन से रक्तगत शर्करा की मात्रा कम हो जाती है, साथ ही पेशाब में शर्करा का आना स्वतः बंद हो जाता है। सर्पविष में गुडमार की जड़ को पीसकर या काढ़ा पिलाने से लाभ होता है। पत्ती या छाल का रस पेट के कीड़े मारने में उपयोग करते हैं। गुडमार यकृत को उत्तेजित करता है और अप्रत्यक्ष रूप से अग्नाशय की इन्सुलिन स्राव करने वाली ग्रंथियों की सहायता करता है। जड़ों का उपयोग खांसी, हृदय रोग, पुराने ज्वार, वात रोग तथा सफ़ेद दाग के उपचार हेतु किया जाता है।



## रासायनिक संगठन

पत्तियों में जिम्नेमिक अम्ल, फ्वेरसियल, एन्थ्राग्वोनोन, जिम्नोसाइडस, सेपोनिन तथा कैल्सियम आक्जेलेट रसायन पाये जाते हैं।

## भूमि

गुडमार की खेती के लिए उचित जल निकास वाली दोमट मिटटी अच्छी होती है। गर्मियों में दो बार आड़ी - खड़ी जुताई कर एवं पाटा चलाकर खेत तैयार कर लेना चाहिए। पाटा चलाकर मिटटी को भुरभुरी व समतल कर लेना चाहिए।

## बीज

बीजों से खेती करने के लिए रोपनी में पौधा तैयार करना चाहिए। बीज बोने से पूर्व 3 ग्राम डायथेन एम 45 या बावेस्टीन नामक फफूंदनाशक से बीजों को उपचारित करना चाहिए। उपचारित बीजों को पहले से भरी पालीथीन की थैलियों में बो देना चाहिए। बीजों को बोने व रोपणी बनाने का सही समय अप्रैल - मई माह होता है। माह जुलाई - अगस्त तक पौधे खेत में रोपित करने योग हो जाते है।



## कलम द्वारा पौध बनाकर

गुडमार की खेती पुराने पौधों की कलम से पौध बनाकर भी की जा सकती है। इसके लिए जनवरी - फ़रवरी माह उत्तम होता है। पालीथीन बैग में पौध तैयार कर जुलाई - अगस्त माह में खेत में रोपित किया जा सकता है। गुडमार एक बहुवर्षीय लता है। यह लगभग 20 - 30 वर्षों तक उपज देती रहती है।

## रोपण

रोपण हेतु 1 म 1 मी. की दुरी पर तैयार किये गये गड्ढों में बारिश प्रारम्भ होने के पश्चात् जुलाई - अगस्त माह में रोपित कर दिए जाते हैं प्रति गड्ढा 5 किलोग्राम गोबर की पक्की खाद एवं 50 ग्राम नीम की खली डालनी चाहिए। गुडमार की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 10,000 पौधों की आवश्यकता होती है।

## आरोहन व्यवस्था

गुडमार एक लता है। आरोहन व्यवस्था के लिए बांस, लोहे के एंगल एवं तारों का उपयोग करना चाहिए।

## सिंचाई

गर्मी के समय 10 15 दिन तथा सर्दियों में 20 - 25 दिन के अंतराल में एक बार सिंचाई की जाय तो इसकी बढवार के लिए काफी अच्छा रहता है।

## फसल सुरक्षा

कभी - कभी अधिक बारिश के कारण पौधों में पीलेपन की समस्या आती है। इसके लिए बोनी के समय 10 कि.ग्रा. फ़र्स सल्फेट का प्रयोग प्रति हेक्टेयर की दर से किया जाना चाहिए।

## फसल कटाई

गुडमार की खेती मुख्य रूप से इसकी पत्तियों के लिए की जाती है। रोपण के प्रथम वर्ष से ही पत्ते प्राप्त होना प्रारम्भ हो जाते हैं। समय बढ़ने के साथ - साथ इसकी लताए बढती रहती हैं तथा फसल की उपज भी बढती जाती है। गुडमार की फसल एक बार लगाने के बाद लगभग 20 - 25 वर्षों तक फसल देती रहती है। सिंचित अवस्था में दो बार पत्तों की तुडाई की जा सकती है।



पहली सितम्बर - अक्तूबर में तथा दूसरी अप्रैल - मई में 7 गुडमार की परिपक्व एवं चयनित पत्तियों को तोड़कर उन्हें छायादार स्थान में सुखाना चाहिए। ग्रीष्म ऋतू में पौधों की परिपक फलियाँ एकत्र कर सुखाई जाती है। फलियों को एकत्र करते समय ध्यान रखना चाहिए की फलियाँ चटक न गई हो अन्यथा बीज उड़ जायेंगे, क्योंकि इनपर रुई लगी रहती है। एस प्रकार प्रति वर्ष पत्तियों को दो बार तुडाई करने पर तीसरे वर्ष से प्रत्येक पौधे से लगभग 5 कि.ग्रा. गीली पत्तियां अथवा एक किलोग्राम सुखी पत्तियां प्राप्त होती है। एक हेक्टेयर में लगभग 4 - 6 किवंटल सुखी पत्तियां प्राप्त होती है।

## संग्रहण काल

माह दिसम्बर - जनवरी में गुडमार की पत्तियों को चुनकर एकत्र करना चाहिए एवं इनकी जड़ों को ग्रीष्म ऋतू में उखड़ना चाहिए।

## विनाश विहीन विदोहन प्रक्रिया

माह दिसम्बर - जनवरी में इसके पत्तों को हाथ से चुनकर एकत्र करना चाहिए। पत्तियां एकत्र करने के लिए पौधे को नहीं काटना चाहिए।

## कुल प्राप्तियां

गुडमार की खेती से किसान 25 से 30 हजार रु, प्रति हेक्टेयर आय अर्जित कर सकता है।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण कराने के दिये आदेश

**आज का मुद्दा**-हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10:00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करती है। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में एसडीएम मनोज कुमार उपस्थित रहे।बताते चले कि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एक समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जानी व पहचानी जाती हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचती है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है तो वहीं अधिकारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त कार्यवाही करती है जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापरवाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है जिसमें उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान



निधि, कालोनियों में साफ-सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज ना करना, आपसी लड़ाई-झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई हेतु शिकायतकताओं की भीड़ लगी रही। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकर्तओ की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप जनता की सेवा करना हमारा प्रथम कर्त्तव्य हैं।

## सीडीओ ने मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं गौशाला का किया औचक निरीक्षण



हापुड़। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा विकासखंड गढ़ के ग्राम पोपाई, ग्राम सादुल्लापुर लोधी, ग्राम नानपुर शाहपुर में मनरेगा के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यों में गुणवत्ता हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो भी कार्य कराए जा रहे है उसमे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कुलपुर गौशालाओ का भी निरीक्षण किया गया। न्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी ठंड को देखते हुए गौशाला में संरक्षित सभई गोवंशो हेतु ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किये जाए। उन्होंने गौशालाओ में गोवंश को हरे चारे, भूसा, स्वस्छ पेयजल एवं साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी गढ़, गो संरक्षक एवं संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे थे।

## 02 चोरी की घटनाओ का खुलासा, 04 चोर गिरफ्तार



**आज का मुद्दा**-हापुड़। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र में घटित 02 चोरी की घटनाओं का सफल अनावकरण करते हुए 04 शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी का सामान सफेद धातु के आभूषण व इन्वर्टर-बैटरी, अवैध चाकू एवं घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरो की गिरफ्तारी हेचु चलाए जा रहे अभियान के अँतर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने 02 चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर अभियुक्तो को श्यामपुर फाटक से ततारपुर के ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्तगण अफसार उर्फ सोनू, संजय, गौरव, जीतू है। जिनके कब्जे से चोरी की एक इन्वर्टर व बैचरी, चोरी के सफेद धातु के आभूषण, 02 अवैध चाकू, घटना में प्रयुक्ट ऑटो बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है।

# DWPS, ग्रेटर नोएडा में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**आज का मुद्दा-13 दिसंबर,** 2024 को DWPS, ग्रेटर नोएडा ने भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा के सहयोग से 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और स्टाफ के अमूल्य योगदान का सम्मान करना और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहना था।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के 12 अकादमिक टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इन्हें टेन न्यूज नेटवर्क के संस्थापक एवं भारत सरकार के पूर्व अनुसंधान अधिकारी, गजानन माली, भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष विवेक अरोड़ा, और संस्थान के सम्माननीय निदेशक श्रीमती कंचन कुमारी, प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा, प्रो विवेक कुमार और भारत विकास परिषद की



सदस्यों झ प्रेरणा, सरोज तोमर, और राखी अरोड़ा द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, समर्पित शिक्षिकाएं झ गुंजन और ममता को शिक्षण में उनके असाधारण योगदान के लिए सराहा गया। प्रशासनिक टीम की सदस्यों झ अनुराधा, अर्पणा, श्वेता, और उमा को संस्थान के सुचारू संचालन में उनके अमूल्य समर्थन के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की निदेशक श्रीमती कंचन कुमारी और प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया और युवा मनों के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को अपने गुरुओं के प्रति आदर और कृतज्ञता की भावना विकसित करने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों पर गहरी छाप छोड़ी और प्रत्येक को अपने-अपने क्षेत्र में समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## जिलाधिकारी ने रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण



**आज का मुद्दा**-हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा रेलवे रोड स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंदो को ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरो में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा रेन बसेरे एवं आसपास जरूरतमंद लोगो को ठंड से बचाव हेतु कंबलो का वितरण भी किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि शासन की नीति के अनुसार रेन बसेरो को जन उपयोगी बनाया जाए तथा शहर के मुख्य चौराहे पर प्रतिदिन ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाए जाने के निर्देश दिये गए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश हेते हुए कहा कि शासन की मांशा के अनुरूप प्रत्येक जरूरतमंद लोगो को ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण अवश्य किया जाए तथा जनपद के सभी रैन बसेरो मे ठंड से बचाव हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से व्यवस्थित रहे।

# विश्वस्तरीय कंपनी ओ-जनरल के शोरूम का हुआ शानदार शुभारंभ

**आजमगढ़।** इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में खास मुकाम हासिल करने वाली टीसू इलेक्ट्रॉनिक्स ने आजमगढ़ की जनता के लिए हरवंशपुर स्थित पहलवान मूर्ति के समीप दो नये शानदार शोरूम का आगाज किया है। एक शोरूम में जहाँ विश्वस्तरीय ओ-जनरल एयरकण्डीशनर उपलब्ध होगा तो दूसरे शोरूम फैबर में रसोई घर के चिमनी से संबंधित डिजाइनर साजो-सामान उपलब्ध होंगे। इन सामानों की फेहरिस्त इतनी लम्बी है कि इनसे नजर ही नहीं हट रहीं, शोरूम खुलते ग्राहकों की आमद ने शोरूम के वर्षों के इंतजार को समाप्त करती नजर आई। बुधवार को ओ-जनरल एयर कंडीशनर्स द एक्सट्रीम मशीन के जनरन शोरूम का शानदार शुभारंभ मुख्य अतिथि जनरल (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड के सेल्स व मार्केटिंग के निदेशक के.सी. पूवैया ने फीता काटकर किया। इस दौरान निदेशक के.सी.पूवैया न कहा कि 20 वर्षों से भारत में संचालित ओ-जनरल कंपनी के उपकरणों का कोई मुकाबला नहीं है, इस शोरूम के खुलने से आजमगढ़ के लोगों को भी ओ-जनरल कंपनी के सभी रेंज उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में पूर्वांचल के लो ओ-जनरल की एसी का इस्तेमाल करें, जिन्हे अद्वितीय अनुभव होगाश। ओ-जनरल एयर कंडीशनर सुपर प्रीमियम रेंज में स्थित है और बेहतर शीतलन प्रदर्शन और लंबे समय तक चलने वाले स्थायित्व का पर्याय है। ओ-जनरल के एजीएम आलोक पाण्डेय ने हि कि आजमगढ़ के लोगों को ओ-जनरल के उपकरणों को इस्तेमाल करके उसकी विशेषताओं को जानना चाहिए। वहीं टीसू इलेक्ट्रानिक्स के प्रोपराइटर साकेत बरनवाल ने कहा कि ओ-जनरल



की एसी कूलिंग के मामले में विश्वसनीय के साथ-साथ अद्वितीय हैं। जिसका लाभ ग्राहक से अधिक से अधिक उठावें और आगामी पड़ने वाली भीषण गर्मी में राहत महसूस करें। उधर इसी शोरूम के ठीक बगल में रसोई उपकरणों और आकर्षक डिजाइनर सामनों का विश्वसनीय शोरूम फैबर का शुभारम्भ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। शूभारम्भ के दौरान डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि एडवांस फीचर वाली किचन चिमनी को लाना चाहते हैं तो आफ फैबर चिमनी घर ला सकते हैं। ये चिमनी ऑटो टच सेंसर, सिंगल बफल फिल्टर जैसे स्पेशल फीचर के साथ आ रहीं है, जो किचन को स्मोक फ्री करती है। वैसे आज कल मॉडर्न किचन चिमनी जरूरी उपकरण है। जो इस शोरूम के माध्यम से किफायती कीमत पर मौजूद है।

## 14 दिसंबर 2024 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन



**आज का मुद्दा-हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ के कुशल नेतृत्व में 14 दिसंबर 2024 को जनपद हापुड़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील न्यायालयों में होने जा रहा है। आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व पानी से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे।

## 18 दिसंबर को रोजगार मेला का आयोजन

**आज का मुद्दा-हापुड़।** जिला सेवायोजन कार्यालय, हापुड़ द्वारा 18 दिसंबर 2024 को रोजगार संगम के माध्यम से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। चयन प्रक्रिया कम्पियों द्वारा साक्षात्कार कर चयनित किया जाएगा। जिसमें शौक्षित योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आई.टी.आई. एवं डिप्लोमा, स्नातकोत्तर इत्यादि के ऐसे अभ्यर्थी जो रोजगार संगम पर पंजीकृत है वही भाग ले सकेगे। भाग लेने क लिए इच्छुक अभ्यर्थी साइड पर जाकर अपने यूजर आई.डी. पासवर्ड से लॉगिन का ऑनलाइन आवेदन अवश्य करे। किसी भी जानकारीक लिए जिला सेवायोजन कार्यालय हापुड़ के दूरभाष नंबर पर संपर्क करे। अभ्यर्थी प्रतिभाग करने हेतु अपना आवेदन सेवायोजन कार्यालय में भी प्रस्तुत कर सकते है। अधिक से अधिक अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार के अवसरो का लाभ उठाए। रोजगार मेला का आयोजन प्रात 10 बजे रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, रसूलाबाद, नानपुर हापुड़ में होगा।

## लुटेरे को स्विफ्ट गाड़ी, दो फर्जी आधार कार्ड, अवैध असलाह व नकदी के साथ किया गिरफ्तार



**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा लूट की घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को लूटे गये 2000/- रुपये, दो फर्जी आधार कार्ड व 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त गाडी व अवैध असलहा- कारतूस सहित दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास से रामकुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम सीसई थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं। कोतवाली देहात प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर दिनांक 21.11.2024 की रात्रि में जनपद बुलन्दशहर के दुगार्पुरम निवासी एक व्यक्ति को लाल कुआं से बुलन्दशहर के लिए कार में बैठाकर उसके 10 हजार रुपये व मोबाइल फोन लूट कर गंगेरुआ हाइवे पर छोड़ दिया था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है।

## कचरे के निस्तारण के लिए 800 टन क्षमता का संयंत्र होगा स्थापित

**नोएडा।** मिश्रित कचरे के निस्तारण के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के अस्तौली में अत्याधुनिक तकनीक से लैस संयंत्र स्थापित करेगा। इसकी क्षमता 800 टीपीडी (टन प्रतिदिन) होगी। संयंत्र की स्थापना उसके रखरखाव और संचालन के लिए कंपनी की तलाश शुरू कर दी है। इच्छुक कंपनियां 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। इसके निर्माण पर 55 करोड़ रुपये के खर्च का आकलन है। नए साल में काम शुरू होने की उम्मीद है। दरअसल, शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव के पास मुख्य कूड़ा निस्तारण केंद्र के साथ अलग-अलग स्थानों पर कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित करने की तैयारी चल रही है। अस्तौली सेनेटरी लैंडफिल साइट पर रिलायंस, एनटीपीसी सहित तीन कंपनियों को संयंत्र लगाने के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है। स्वच्छता को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा भी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने गीला और सूखा सहित सभी तरह के कचरे के निस्तारण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत मिश्रित ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए अस्तौली डंपिंग्र ग्राउंड परिसर में ही 800 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता के एक और संयंत्र के स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक, इस ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग संयंत्र का निर्माण डीबीओटी (डिजाइन, बुल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के आधार पर किया जाएगा। बता दें कि प्राधिकरण द्वारा जिन कंपनियों को जमीन आवंटित की गई है, उनके द्वारा संयंत्र स्थापित करने में समय लग रहा है। ऐसे में 800 टन क्षमता वाले इस संयंत्र का निर्माण जल्द से जल्द किए जाने की तैयारी है। गीले और सूखे सहित सभी तरह के कचरे का निस्तारण किया जाएगा। प्राधिकरण की योजना शत प्रतिशत कचरे का निस्तारण करना है।

**अभी कचरे के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है**

ग्रेटर नोएडा की स्थापना के 33 साल बाद भी शहर में कचरे के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी का नतीजा है कि लखनावली गांव के पास कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है। अब इसको हटाने का काम चल रहा है। अस्तौली के पास 126 एकड़ में आधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र विकसित किया जा रहा है। यहां सभी तरह के कूड़े का निस्तारण किया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** सेक्टर-88 स्थित कैंट आरओ चौराहे के पास बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि युवक का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फेज दो पुलिस को दी शिकायत में दीनदयाल पुरी निवासी दिवाकर शर्मा ने बताया कि बीते दिनों उनके पिता गौरीशंकर शर्मा अपने बेटे प्रभाकर शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर रोजाना की तरह काम पर जा रहे थे। जब वह सेक्टर-88 स्थित कैंट आरओ चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार एक अन्य बाइक ने प्रभाकर की बाइक में टक्कर मार दी।

# हरियाणा सरकार की खिलाड़ियों को बड़ी सौगात, सैनी सरकार ने कर दिया ये बड़ा ऐलान



**कुरुक्षेत्र ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों की बदौलत हरियाणा का नाम विश्व के खेल मानचित्र पर चमक रहा है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही खेल संस्कृति को देखते हुए सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और कल्याण के लिए अपने संकल्प पत्र 2024 में हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का संकल्प लिया है। इसी प्रकार राज्य स्तर पर प्रति वर्ष तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख रुपये, 30 लाख रुपये व 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में हरियाणा कुश्ती दंगल के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से इस दंगल में जिला और क्षेत्रीय स्तर पर 500 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया। यह गर्व का विषय है कि आज कुश्ती के विभिन्न श्रेणियों के फाइनल राउंड में पहुंचे 32 पहलवानों में से 16 लड़कियां हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है। जनसंख्या व क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा बेशक छोटा राज्य है, लेकिन खेल के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। हरियाणा ने खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में हुए अनेक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में अनेक बदलाव हुए हैं। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, चयन प्रक्रिया, खिलाड़ियों को आर्थिक मदद देने वाली योजनाओं और उन्हें ट्रेनिंग देने वाली योजनाओं को प्रभावी बनाया गया है। इसी से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने भी नई खेल नीति लागू की और जमीनी स्तर से ही टैलेंट की खोज से लेकर उनको प्रशिक्षण प्रदान कर ओलंपिक तक पहुंचाने का एक रोडमैप बनाया गया। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में अति आधुनिक खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। इस नई खेल संस्कृति से खिलाड़ियों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। ओलम्पिक के अलावा, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी हमारे नौजवानों ने अपनी धाक जमाई हुई है।

### सरकार ने खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार किया सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने हेतु 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गये। इसके अलावा, 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए ग्रुप-ए से ग्रुप-डी तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक विजेता खिलाड़ियों को सबसे अधिक नकद पुरस्कार देता है। अब तक खिलाड़ियों को 593 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ 45 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

### राज्य में मजबूत खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है ताकि खिलाड़ियों को सभी आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। प्रदेश सरकार ने खेल नर्सरियां खोली हैं और खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ आधुनिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। इस समय प्रदेश में 1,489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2,000 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। उन्होंने कहा खेल दुनिया को जोड़ने का एक बहुत मजबूत और सशक्त माध्यम है। मैदान कोई भी हो, चुनौती कैसी भी हो, हमें हर हाल में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

### 2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला हरियाणा आज खेलों का पावरहाऊस- गौरव गौतम

इस मौके पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी खेल प्रतिभा की बदौलत हरियाणा का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रहे हैं। यह गर्व की बात है कि हमारी बेटियां भी खेलों में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश की 2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला हरियाणा आज खेलों का पावरहाऊस बना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा की खेल नीति के चलते खिलाड़ियों ने अनेकों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले 10 सालों में राज्य में खेल क्षेत्र के लिए 48 करोड़ रुपये की राशि दी। जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने 550 करोड़ रुपये खिलाड़ियों और खेल सुविधा के लिए खर्च की है।

## इंद्री में दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर राख... लाखों का नुकसान



इंद्री। इंद्री के मेन बाजार गुरद्वारा के पास पंसारी की दुकान में आग लग गई जिससे काफी नुक्सान हो गया है। दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि कई घंटों की कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। बताया जा रहा कि पंसारी की दुकान में लाखों का नुक्सान हुआ है। विक्की मल्होत्रा का कहना है कि अल सुबह तीन बजे दुकान में इतनी भयंकर आग लगी, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड़ की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। दुकान में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है, जांच जारी है। जाँच के बाद ही पता चल पाएगा कि आग किन कारणों के चलते लगी है।

## 'यहां बस चलानी है तो...', बदमाशों ने पानीपत में यूपी की बस में तोड़फोड़ कर दी धमकी



पानीपत । बदमाशों का आतंक बढ़ता जा रहा है। उनमें पुलिस का कोई खौफ नहीं है। ताजा मामला पानीपत से सामने आया जहां बदमाशों ने पानीपत शहर में थाने के सामने पुराने अड्डे के पास यूपी की प्राइवेट बस में तोड़फोड़ की जबकि कंडक्टर से पैसे भी छीन लिए। बदमाशों ने बस संचालक को धमकी दी है कि अगर यहां बस चलानी है तो मंथली देनी होगी। नहीं तो जान से मार देंगे। पीड़ित कंडक्टर ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जान से मारने की दी धमकी

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बुलंदशहर जिले का रहने वाला है। वह पानीपत से मैनपुर उत्तर प्रदेश ट्रैवलर बस में काम करता है। वह उक्त बस का कंडक्टर है। 3 दिसंबर को वह बस में सवारियां लेकर यूपी से आ रहा था। 4 दिसंबर को सुबह करीब 7 बजे वह बस लेकर पुराने बस स्टैंड के बाहर पहुंचा। वह सवारियों को उतार रहा था। अचानक 5 युवक आए। उन्होंने आते ही गाली–गलौच तथा बस में तोड़फोड़ की। इसके बाद उन्होंने धमकी दी कि अगर दोबारा बस यहां लेकर आया तो जान से मार देंगे। इसके साथ ही बदमाशों ने बुकिंग के करीब 35 हजार रुपये भी छीन लिए। बदमाशों ने कहा कि पानीपत में बस चलाओगे तो महीनेदारी देनी पड़ेगी। यहां बस चलेगी तो सिर्फ सुनील की चलेगी।

## दर्दनाक : फरीदाबाद में कंपनी में लिफ्ट में फंसकर कामगार की मौत, 6 महीने से कर रहा था काम

फरीदाबाद । फरीदाबाद स्थित ओरिएंट फैन कंपनी में कामगार की लिफ्ट से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें कामगार लिफ्ट में माल लोड कर रहा था। तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह उसमें फंस गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लिफ्ट को सील कर जांच शुरू कर दी है कि हादसे का कारण क्या रहा है।

**पिछले 6 महीने से कंपनी में कर रहा था काम** – मृतक का नाम अनिल थापा था, जो ठेकेदार के मार्फत यहां पिछले 6 महीने से काम कर रहा था और लिफ्ट में सामान ले जाने के लिए उसमें लोड कर रहा था तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह नीचे गिर गया जिसे ईएसआईसी अस्पताल में लेकर जाया जहां उसकी जान चली गई। वहीं कंपनी के कर्मचारी अरविंद तिवारी ने बताया कि मृतक अनिल थापा ठेकेदार के द्वारा यहां काम कर रहा था और लिफ्ट में माल लोड कर रहा था तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह लिफ्ट के पिलर में फंसकर गिर गया लेकिन कंपनी ने काफी देर बाद उसे अस्पताल पहुंचाया और उसे प्रॉपर इलाज भी नहीं मिल पाया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अब वह पुलिस कार्रवाई को लेकर पुलिस चौकी में पहुंचे हैं।

## धागा फैक्ट्री में आग लगने का मामला : जिदंगी की जंग हारा 8 दिन पहले झुलसा श्रमिक, मौके पर जिंदा जले थे 2 मजदूर

पानीपत । पानीपत जिले के इसराना उपमंडल में स्थित में गुप्ता धागा फैक्ट्री में 8 दिन पहले लगी आग में झुलसे एक और श्रमिक की मौत हो गई। हादसे में दो श्रमिक मौके पर ही जिंदा जल गए थे जबकि तीन बुरी तरह झुलस गए थे। इन झुलसे हुए में एक और श्रमिक ने इलाज के दौरान आज दम तोड़ दिया। हालांकि इस मामले में घटना की अगली सुबह मृतक परिवार वालों के बयानों पर फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज हो चुका है। लेकिन तीन मौत हो जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपी फैक्ट्री मालिक की गिरफ्तारी नहीं की है।

**4 बच्चों का पिता था मृतक**– मृतक की पहचान 31 वर्षीय काबिल के रूप में हुई है। वह उत्तर दिनाजपुर, पश्चिक बंगाल का रहने वाला था। वह चार बच्चों का पिता था, जोकि हाल में इसराना थाना क्षेत्र में रहता था। मृतक के शव को सिविल अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

**20 साल से चल रही यह फैक्ट्री**– जानकारी के मुताबिक यह घटना इसराना उपमंडल के अंतर्गत गांव बलाना की थी। जहां शिव फैब्रिक (गुप्ता धागा फैक्ट्री) नाम की धागा फैक्ट्री है। यह फैक्ट्री करीब 20 साल से चल रही है। 8 दिन पहले देर रात करीब साढ़े 12 बजे यहां संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इसके बाद चंद सेकेंड में ही आग बढ़ गई।

वहीं फैक्ट्री के मालिक ने बताया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद फैक्ट्री में रात के समय मौजूद 2 कर्मचारी जिंदा जलकर मर गए थे। मृतकों की पहचान सुमित और तसमिल के रूप में हुई थी। आग ने बिल्डिंग और माल के साथ मशीनों को भी नुकसान पहुंचाया है। दोनों मृतकों में से एक सुमित (32) गांव सौंदापुर का रहने वाला था। वह 2 बेटों का पिता था। उसके बड़े भाई की मौत करीब 11 साल पहले बीमारी के कारण हो गई थी। इसके 2 साल बाद उसकी मां का भी देहांत हो गया था। फिर 1 साल बाद पिता की भी कैंसर से मौत हो गई। सुमित की 2 बहनें हैं, जिनका वह इकलौता भाई था। वह अक्सर फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट में काम पर रहता था। बताया जा रहा है कि करीब 3 साल पहले इसी फैक्ट्री में काम करने के दौरान उसका मशीन में हाथ आ गया था, जिससे उसके बाएं हाथ की पांचों उंगलियां कट गई थीं। सुमित का पत्नी के साथ मनमुटाव रहता था, इसलिए लंबे समय से वह मायके में रह रही है। इस समय सुमित अपनी बहन के पास गांव पलड़ी में रह रहा था।

## किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने कसी कमर, टिकरी बॉर्डर पर सख्ती



**बहादुरगढ़।** एक तरफ पंजाब हरियाणा सीमा पर किसान संगठन लगातार दिल्ली कूच का ऐलान कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए टिकरी बॉर्डर पर भी तमाम इंतजाम कर रखे हैं। दिल्ली के बॉर्डर पर मल्टीलेयर बेरिकेडिंग की व्यवस्था के साथ ही वज्र वाहन तैनात किए हैं। वहां सीसीटीवी और साउंड सिस्टम भी इंस्टॉल किया जा चुका है, ताकि किसानों को किसी भी सूरत में बॉर्डर को पार करने नहीं दिया जाए।

किसान एक बार फिर दिल्ली कूच का ऐलान कर चुके हैं, तो दिल्ली पुलिस ने टिकरी बॉर्डर पर एहतियाती कदम उठाए हैं। टिकरी व झाड़ोदा बॉर्डर पर कंटेनर आदि अवरोधक के रूप में रखे गए हैं। भारी मात्रा में सीसीटीवी (CCTV) और साउंड सिस्टम लगाए गए हैं। वज्र वाहन भी तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। हरियाणा-दिल्ली सीमा पर बढ़े तनाव के बाद से ही स्थानीय उद्यमी भी चिंतित हैं।

बता दें कि हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर पिछले 9 महीने से आंदोलनरत किसान 8 दिसंबर से ही दिल्ली कूच का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि करीब 9 महीने पहले फरवरी महीने में भी किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। उस समय तो बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 मोड़ से टिकरी बॉर्डर तक मल्टीलेवल बेरिकेडिंग की गई थी। दिल्ली की एंट्री से पहले सीमेंट के बेरिकेड, उसके बाद लोहे के बेरिकेड, फिर कटीली तारों की बेरिकेडिंग और उसके बाद कंटेनर लगाए गए थे।

## देश व प्रदेश का है किसान, इस पर राजनीति न करें कांग्रेस : मोहनलाल बड़ोली



**सोनीपत।** सोनीपत में आज प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने अपने निवास स्थान पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान बड़ोली ने कहा कि हमारा सदस्यता अभियान अभी भी जारी है और अभी तक 34 लाख बीजेपी के सदस्य बने हैं। सक्रिय सदस्यों का अभियान शुरू है। वहीं किसानों पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश और देश किसानों का है। कांग्रेस पार्टी इस पर राजनीति न करें। उन्हें दिल्ली जाने से किसी ने नहीं रोका है।

इस दौरान मोहनलाल बडौली ने कहा हरियाणा पहली सरकार बनी है जो एमएसपी पर फैसले खरीद रही है। हरियाणा का किसान सरकार की नीतियों से संतुष्ट है। कांग्रेस के लोग खुद जाकर देखें दिल्ली जाने से कोई नहीं रोकता हैं। कांग्रेस के लोग किसानों पर राजनीति ना करें। देश और प्रदेश में अव्यवस्था फैलाकर कांग्रेस राजनीति न करें। कांग्रेस के पास राजनीति करने के और बहुत तरीके हैं। बजरंग पूनिया के शंभू बॉर्डर पर जाने पर कहा कि वहां कोई भी जा सकता है किसी को नहीं रोका जाता है।

## एमपी रामचंद्र जांगड़ा बोले- किसान आंदोलन में हरियाणा में बढ़ा नशा, किसान नेता पंढेर ने किया पलटवार



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा से बीजेपी के सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया है। इसको लेकर किसान भड़क गए हैं। दूसरी ओर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने भी भाजपा सांसद राम चंदर जांगड़ा के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि रामचंद्र जांगड़ा गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। रामचंद्र जांगड़ा को इस ब्यान पर माफी मांगनी चाहिए। साथ में पंढेर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपील की है कि रामचंद्र जांगड़ा को बीजेपी से बाहर निकाल दें। अगर राम चंदर को पार्टी से बाहर नहीं निकालते हैं, तो उन्हें अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

इसके अलावा किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमारे पास बहुत से किसान संगठन हैं। केंद्रीय एजेंसियों को इस चीज का ध्यान देना चाहिए कि वह किसानों को कमजोर करने की कोशिश ना करें। पंजाब के लोग आज भी हमारे साथ हैं। हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं और हमारी जीत होगी जैसे पहले आंदोलन में जीत हुई थी।

### सांसद रामचंद्र जांगड़ा का बयान

बता दें हरियाणा से बीजेपी के सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया था। दरअसल, जांगड़ा ने कहा था कि पहली बार हुए किसान आंदोलन के बाद हरियाणा में नशा बढ़ा है। किसान नशे के सौदागर और कसाई हैं। हरियाणा के युवा अब नशे की चपेट में आने लगे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान टिकरी और सिंघु बॉर्डर के गांवों से 700 लड़किया भी गायब हुई हैं। इतना ही नहीं बीजेपी सांसद ने कहा कि युवाओं को बहकाने वाले और राज्य को नुकसान पहुंचाने वाले आंदोलन से दूर रहे।

## सनसनीखेज ! हरियाणा में मिला महिला का गर्दन कटा शव, पास ही पड़े थे कोंडोम का पैकेट....

सोनीपत। सोनीपत के सेक्टर तीन में पड़ी खाली जगह में एक गर्दन कटा महिला शव मिलने से फैल गई ।महिला की निर्मम हत्या की गई है ।सूचना के बाद सेक्टर 27 थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोर्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है ।फिलहाल पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत के सेक्टर 3 में उस समय हड़कम मच गया जब एक गर्दन कटी महिला का शव पड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद सेक्टर 27थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव के आसपास छानबीन की गई। महिला के शव के पास से कुछ कागजात और आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के पति को मौके पर बुलाया। महिला के पति ने जानकारी दी की कपड़ों के आधार पर उसने पहचान की है। मृतक महिला का नाम चिमनी देवी और आयु 51 साल है। ये बिहार के रहने वाले हैं और सोनीपत में 10 साल से किराए पर रहते हैं । महिला एक निजी हॉस्पिटल में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करती थी। कल घर पर नाइट ड्यूटी की बात कह कर आई थी। महिला के पति ने किसी से कोई झगड़ा या दुश्मनी की बात से भी इंकार कर दिया है। वमामले में जानकारी देते हुए सेक्टर 27 थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि सेक्टर 3 के खाली एरिया में महिला का शव पड़ा है ।मौके पर पहुंच कर महिला के शव को कब्जे में लिया गया और हॉस्पिटल भेजा गया है ।महिला की गर्दन काटी गई है और शरीर पर अन्य जगह पर भी निशान मिले हैं,महिला की उंगलियां भी काटी गई है,मामले में गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

## एक देश-एक चुनाव से देश विकसित राष्ट्र बनने के लिए तीव्र गति से आगे बढ़ेगा: नायब सैनी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एक देश-एक चुनाव को मंजूरी दिए जाने के बाद देश भर में शुरू हुई चर्चाओं के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण फैसला बताया है। यह बात मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसान भवन में किसान हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के पश्चात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि हठकरघा और हस्तशिल्प का बहुत महत्व है। प्रदर्शनी में देश की कला के सुंदर नमूने रखे गए हैं। भारत को सोने की चिड़िया बनाने में शिल्पकारों का बहुत बड़ा हाथ है। हर शिल्पकार की अलग पहचान और कला है।

### 'तीव्र गति से आगे बढ़ेगा देश'

सैनी ने कहा कि अब तक लगातार 5 साल के दौरान किसी ना किसी चुनाव में ही व्यस्त रहते थे। कभी पंचायत, कभी नगर पालिका, कभी विधानसभा और कभी लोकसभा के चुनाव में ही लगे रहते थे। इस पर पैसे के साथ समय भी काफी खराब होता था। साथ ही विकास को भी गति नहीं मिल पाती थी, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो जाती थी, जिसके चलते सभी विकास कार्य ठप हो जाते थे। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लिया गया फैसला स्वागत के योग्य है। इससे देश विकसित राष्ट्र बनने के लिए तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

### 'चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार'

हरियाणा में चल रही निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। पार्टी की ओर से कईं स्थानों पर अपने निशान पर चुनाव लड़ा जाता है और कईं स्थानों पर बिना निशान के चुनाव लड़ा जाता है। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आपस में बैठकर चर्चा कर फैसला करेंगे।

## हरियाणा से निर्विरोध जीतीं बीजेपी प्रत्याशी रेखा शर्मा, राज्यसभा जाना हुआ तय

**चंडीगढ़ ।** राज्यसभा के उपचुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया के बीच हरियाणा से बीजेपी की प्रत्याशी रेखा शर्मा को निर्विरोध राज्यसभा का सांसद घोषित कर दिया गया है। उनके खिलाफ किसी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। बता दें आज यानी 13 दिसबंर को हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आखिरी दिन था। भाजपा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर, भाजपा के मुकाबले के लिए कांग्रेस या फिर किसी अन्य दल की ओर से किसी को चुनावी मैदान में नहीं उतारा गया था। ऐसे में भाजपा की उम्मीदवार रेखा शर्मा निर्विरोध जीत गई है। रिटर्निंग अधिकारी आईएएस अशोक कुमार मीणा ने रेखा शर्मा को जीत का सर्टिफिकेट सौंपा। 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं जबकि 3 निर्दलीयों का भी उन्हें समर्थन है। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार की जीत पहले से ही तय थी। रेखा शर्मा ने नामांकन के आखिरी दिन 10 दिसंबर को आवेदन किया था। बता दें कि हरियाणा की 5 राज्यसभा सीटें हैं। इनमें से 4 पर भाजपा सीधे काबिज हो चुकी है। जिनमें रेखा शर्मा और उनसे पहले सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा और किरण चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा भी भाजपा के समर्थन से राज्यसभा सांसद चुने जा चुके हैं। उनकी मां शक्तिरानी शर्मा कालका से भाजपा की विधायक हैं। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने 10 दिसंबर को नामांकन भरा था और 13 दिसंबर को नामांकन वापसी का आखिरी दिन है। कांग्रेस का कोई उम्मीदवार न होने के कारण वह निर्विरोध जीत गई है। वहीं, हरियाणा भवन में प्रदेश भाजपा की ओर से रेखा शर्मा के स्वागत में समारोह का आयोजन भी किया गया है। इसमें समाज कल्याण बोर्ड हरियाणा की अध्यक्ष सुमित्रा चौहान सहित कई भाजपा के कद्दावर नेता मौजूद रहेंगे।



## कलयुग में मानव कल्याण का सबसे सुगम मार्ग है श्रीमद्भागवत महापुराण : पण्डित देवकीनंदन महाराज




**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)** मथुरा।छाता-गोवर्धन रोड़ स्थित ग्राम सहार (उपनन्द खेरा) के प्राचीन जाहरवीर बाबा मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसमें व्यासपीठ से भागवत प्रवक्ता पण्डित देवकीनंदन शर्मा (संगीताचार्य) महाराज अपने श्रीमुख से समस्त ग्रामवासियों को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवण करा रहे हैं।

व्यासपीठ पर आसीन भागवत प्रवक्ता पण्डित देवकीनंदन शर्मा (संगीताचार्य) महाराज ने श्रीमद्भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण में समस्त वेदों, पुराणों, उप-पुराणों, शास्त्रों, उपनिषदों आदि धर्मग्रंथों का सार निहित है। इस ग्रंथ का श्रवण, वाचन व अध्ययन तीनों ही कल्याणकारी हैं।साथ ही ब्रज मंडल की पावन भूमि में इसका श्रवण करना शतगुणा अधिक फलदायी व पुण्यदायी होता है। उन्होंने कहा कि शब्द स्वरूप श्रीमद्भागवत महापुराण कोई साधारण ग्रंथ नहीं है, बल्कि स्वयं लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण का ही वांग्मय स्वरूप है।इसका श्रवण करने वाले व्यक्ति भवसागर से पार हो जाते हैं।साथ ही उनके जन्म व मृत्यु के भय का भी नाश हो जाता है।कलयुग में मानव के कल्याण का यदि कोई सबसे सुगम मार्ग है,तो वो श्रीमद्भागवत महापुराण ही है।

महोत्सव में जाहरवीर बाबा मन्दिर के महंत बाबा दुल्लीचंद्र दास महाराज, श्रीमहंत वैष्णव दास महाराज, पण्डित लीलाधर शर्मा, कैलाशी सैनी, ब्रजलाल सैनी, गोपाल सैनी, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, संगीताचार्य गोपाल कुमार, आचार्य जगदीश शर्मा, दीपक, हैप्पी, विवेक भैया आदि के अलावा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खान मोबाइल एवं आटो स्पेयर पार्ट्स की दूकान में लगी भीषड़ आग




ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा बहराइच यूपी

थाना रिसिया क्षेत्र के कस्बा देवी पूरा में मछली मंडी स्थित खान मोबाइल एंड आटो स्पेयर पार्ट्स की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से चार बाइके और टायर जल कर खाक हुए है। जिससे करीब ढाई लाख की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। थाना रिसिया के देवी पूरा के मछली मंडी में शहरेयार पुत्र इसरार निवासी देवी पूरा की दुकान खान मोबाइल और आटो स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। गुरुवार की रात 11 बजे उस दुकान में आग लग गई,उस समय दुकान बंद थी,और शहरयार बाहर गए हुए थे,आग की लपटे उठती देख आस पास के लोगो ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया,तब तक चार बाइक और कुछ टायर जलकर खाक हो गए, जिनमे बजाज पल्सर, यामाहा,होंडा सीबी ट्विस्टर तथा टीवी एस बाइक शामिल थी,आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। शहरेयार ने आग लगने का अज्ञात कारणों का हवाला देकर करीब ढाई लाख की संपत्ति का नुकसान होने की लिखित सूचना पुलिस थाना रिसिया पर दी है। इस सम्बन्ध में थाना रिसिया प्रभारी निरीक्षक से बात करने पर पता चला कि तहरीर मिली है पुलिस जांच में जुटी है

## नरौरा पुलिस के दरोगा अनोखेलाल गंगवार का अनोखा कारनामा :आरोपी को पकड़ने के 1 मिनट पहले ही परिजनों को दी सूचना,कोर्ट ने माना फर्जी कहानी,गिरफ्तारी की निरस्त,एसएसपी को कार्रवाई का दिया आदेश

**पोषित कुमार(आज का मुद्दा)अनूपशहर:** अनूपशहर स्थित एसीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश विनय कुमार सिंह चतुर्थ का चाबुक अहार पुलिस के बाद दिन शुक्रवार को नरौरा पुलिस पर चला। दरअसल नरौरा पुलिस आर्म्स एक्ट के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड लेने हेतु कोर्ट पहुंची। जहां कोर्ट ने मामले को फर्जी पाते हुए आरोपित व्यक्ति की गिरफ्तारी को निरस्त कर दिया तथा उक्त मामले में संबंधित दरोगा एवं सिपाही पर कार्रवाई हेतु एसएसपी बुलंदशहर को पत्र लिख आदेशित किया। वही कोर्ट द्वारा की गई कार्रवाई के बाद नरौरा पुलिस की जमकर फजीहत हो रही है।

**अब समझिए पूरा मामला**

अभियुक्त के वकील राकेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 दिसंबर यानी दिन बृहस्पतिवार को नरौरा पुलिस के दरोगा अनोखेलाल गंगवार ने नरौरा थाने में आर्म्स एक्ट की धारा मे एक मुकदमा दर्ज कराया। जिसकी जांच विवेचक मोहम्मद सलमान को सौंपी गई। विवेचक मोहम्मद सलमान आरोपी रईस पुत्र शहजाद निवासी मोहल्ला हीरापुर बिजनौर जिला संभल को लेकर रिमांड लेने हेतु अनूपशहर स्थित एसीजेएम कोर्ट पहुंचे। जहां कोर्ट ने विवेचक से आरोपी के परिजनों को सूचना देने की बात पूछी, जिस पर विवेचक सलमान ने आरोपी के भाई को दिन रविवार की देर रात्रि 11 बजकर 9 मिनट पर सूचना देने की बात कही। जबकि गिरफ्तार कर्ता द्वारा सरकारी दस्तावेजों में आरोपी को 11 बजकर 10 पर वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ने की बात लिखी गई।

**आरोपित को बाइज्जत किया बरी**

कोर्ट ने मामले को फर्जी व मनगढ़ंत कहानी पाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा आरोपी के परिजनों को पकड़ने से पहले ही सूचना दे दी गई। जबकि कोर्ट के सामने दरोगा गंगवार के बयानों में कोई भी सूचना का हवाला नहीं था एवं केस डायरी में भी गिरफ्तारी फर्द नहीं अंकित की गई थी। जिस पर कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी को मनगढ़ंत पाते हुए गिरफ्तारी को निरस्त किया एवं आरोपित को बाइज्जत बरी कर दिया गया। साथ ही कोर्ट ने संबंधित दरोगा एवं सिपाही के खिलाफ कार्रवाई हेतु एसएसपी को पत्र लिख आदेशित किया।

**संवैधानिक नियमों का पुलिस करें पालन**

कोर्ट में इस पूरे मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस संवैधानिक नियमों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें। यदि पुलिस द्वारा ही इस प्रकार के उदाहरण पेश किए जाएंगे तो आम जनता में इसका क्या असर होगा। साथ ही कोर्ट ने भविष्य में इस प्रकार के फर्जी एवं मनगढ़ंत मामलों को कोर्ट में लाकर न्यायालय का समय ना बर्बाद करने की पुलिस को कड़ी हिदायत दी।

# एडीआर सेंटर में एड्स जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

पंचकूला 14 दिसम्बर -(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा-- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), अजय कुमार घनघस ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक महीने तक चलने वाले जागरूकता अभियान के तहत जिला न्यायालय के एडीआर सेंटर में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का आयोजन हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) के निदेशों के तहत एचआईवी/एड्स और इसकी रोकथाम के साथ-साथ इस बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और उपलब्ध सहायता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

कार्यशाला में पैनल अधिवक्ताओं और पैरा-लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) ने भाग लिया, जो जमीनी स्तर पर कानूनी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्र के संसाधन व्यक्तियों में डीएलएसए से जुड़ी पैनल अधिवक्ता आकांक्षा यादव और सेक्टर-6 अस्पताल में एड्स परीक्षण केंद्र से दो अनुभवी परामर्शदाता, मीनाक्षी और अर्चना शामिल थीं।




**कार्यशाला की मुख्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम और अधिकारों पर व्याख्यान**

आकांक्षा यादव, पैनल अधिवक्ता ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम और मानव इम्यूनोडिफीसिअन्सी वायरस और एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के प्रावधानों पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उन्होंने एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा सामना किए जाने वाले कलंक और भेदभाव को खत्म करने के लिए जागरूकता पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिनियम के तहत गारंटीकृत कानूनी सुरक्षा पर प्रकाश डाला, जो प्रभावित व्यक्तियों के लिए गोपनीयता, गैर-भेदभाव और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

**परामर्शदाताओं की विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि**

परामर्शदाताओं, मीनाक्षी और अर्चना ने सेक्टर-6 अस्पताल में उपलब्ध एचआईवी/एड्स परीक्षण, परामर्श और उपचार सेवाओं पर अपनी विशेषज्ञता और क्षेत्र के अनुभव साझा किए। उन्होंने रोग के प्रभावी प्रबंधन के लिए शीघ्र निदान, नियमित परीक्षण और उपचार के पालन के महत्व पर विस्तार से बताया। परामर्शदाताओं ने एचआईवी/एड्स के बारे में आम मिथकों और गलत धारणाओं को भी संबोधित किया, तथा करुणा और सामुदायिक समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया।

**एचआईवी/एड्स जागरूकता में कानूनी सेवाओं की भूमिका**

कार्यशाला में एचआईवी/एड्स से प्रभावित व्यक्तियों को कानूनी सहायता और सहायता प्रदान करने में डीएलएसए और एचएएलएसए की भूमिका को रेखांकित किया। प्रतिभागियों को भेदभाव, सेवाओं से इनकार और उनके अधिकारों के उल्लंघन जैसे मुद्दों को संबोधित करने के लिए एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं की उपलब्धता के बारे में अवगत करवाया गया।

**एक महीने चलेगा जागरूकता अभियान**

यह कार्यशाला विश्व एड्स दिवस के अवसर पर डीएलएसए द्वारा शुरू किए गए एक महीने के जागरूकता अभियान की निरंतरता में किया गया। अभियान एचआईवी/एड्स की रोकथाम, उपचार और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और सामुदायिक समारोहों सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने पर केंद्रित है।

## "विपक्ष बौखला गया है और वह अपनी जिम्मेदारी वाली भूमिका अदा नहीं कर पा रहा है"– ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज

**कैथल/चंडीगढ़/नई दिल्ली, 14 दिसंबर-(शशि किरण अरोड़ा) -- आज का मुद्दा--**हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ह्यह्यविपक्ष बौखला गया है और वह अपनी जिम्मेदारी वाली भूमिका अदा नहीं कर पा रहा है, क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में गांधी परिवार के जॉर्ज सोरस के साथ संबंधों की आवाज उठाई गई है तो एक सिद्धांत के तहत उससे बड़ी बात को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्यह्यजैसा कि सामने आ रहा है उससे मेरा तो यह भी मानना है कि यह लोग (विपक्ष) विदेशियों के हाथों खेल रहे हैं और हो सकता है कि ये वाली डिक्टेशन भी वहीं से आ रही हो।



विज कैथल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत मीडिया कर्मियों द्वारा विपक्ष द्वारा उपराष्ट्रपति के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने आज से पहले कभी नहीं कहा कि उपराष्ट्रपति या राज्यसभा के अध्यक्ष पक्षपात करते हैं क्योंकि यह सारी बातें एक योजनाबद्ध तरीके से कही जा रही है।

**किसानों से लगातार भाजपा के मंत्रियों ने आकर बात की है – विज**

किसानों के मुद्दे को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ह्यह्यकिसानों से लगातार भाजपा के मंत्रियों ने आकर बात की है अब चूंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने समिति बना रखी है अब वह बात कर रही है।

**देश के 140 करोड लोगों को ह्यवन नेशन-वन इलेक्शनह्न का स्वागत करना चाहिए- विज**

ह्यवन नेशन-वन इलेक्शन के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ह्यवन नेशन-वन इलेक्शन देश को बहुत ही आगे ले जाने वाला निर्णय है जबकि यह निर्णय आजाद होने के तुरंत बाद लिया जाना चाहिए था लेकिन जो सरकारें बनी उनके एजेंडे में यह मुद्दे नहीं थे। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रवादी सोच के तहत देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। देश में बार-बार चुनाव होने और आचारसंहिता लगने से बार-बार विकास कार्य रुकते हैं। अभी पहले लोकसभा का चुनाव हुआ तब काम रुके हुए थे, फिर विधानसभा का चुनाव हुआ पब्लिक के सारे काम रूके थे। फिर महाराष्ट्र का चुनाव हुआ और जब दिल्ली का चुनाव आने वाला है। इससे सारा साल सिर्फ और सिर्फ चुनाव चलते रहते हैं विकास का काम कोई नहीं हो पाता है इसलिए यह बहुत ही अच्छा कदम है और देश के 140 करोड लोगों को इसका स्वागत करना चाहिए।

**जनता जानती है या अनिल भी जानता था कि बीजेपी की सरकार आएगी- विज**

हुड्डा पिता-पुत्र द्वारा कहा गया है कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए फील्ड में उतरेंगे, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ह्यह्यठीक है लग रहे 5 साल तक, कुछ भी करें लेकिन लोगों ने घर बिठा दिया। जबकि यह रोज रात को सीएम बनाकर सोते थे, डिपार्टमेंट बांटकर सोते थे यहां तक की अधिकारियों को जिले भी बांट दिए थे व डिपार्टमेंट भी बांट दिए थे। परंतु जनता जनार्दन है जनता जानती है या अनिल भी जानता था कि बीजेपी की सरकार आएगी।

## हाइवे के फुटपाथ सेपुलिस ने अतिक्रमण हटाया




ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा

थाना रिसिया की पुलिस ने रिसिया मोड़ हाइवे पर से अवैध अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या से निजात दिलाई हैं।

पुलिस अधीक्षक बहराइच वृंदा शुक्ल के सख्त दिशा निर्देशों के कारण थाना रिसिया के अपराध निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बहराइच वाया नानपारा मार्ग पर रिसिया मोड़ के फुटपाथ पर अवैध रूप से लग रही दुकानों और ई रिक्शा को पुलिस बल के साथ हटा दिया, और चेतावनी भी दिया, कि यदि दोबारा दुकानें लगती मिली,तो उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

इस मोड़ पर हाइवे के किनारे अक्सर अतिक्रमण के चलते जाम की स्थिति रहती थी,जिस कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था,अब इस समस्या से निजात मिल गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक




**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा बहराइच यूपी बहराइच 13 दिसम्बर।** बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम मोनिका रानी ने जिला वृक्षारोपण समिति से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 के लिए वृक्षारोपण लक्ष्यों के सापेक्ष स्थल चयन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए माइक्रोप्लान तैयार कर लें। डीएम ने निर्देश दिया कि चारागाह की भूमि के चिन्हाकन करने एवं अंतरविभागीय जांच रिपोर्ट 25 दिसंबर तक प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीएफओ बहराइच को निर्देश दिया कि सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय।

जिला पर्यावरण समिति पर चर्चा के दौरान नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों कूड़ा पृथकीकरण करने तथा एमआरएफ सेंटर का नियमित रूप से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम मोनिका रानी ने ई.ओ. बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि फाइटोरेमिडियशन के क्रियान्वयन हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद के नालो से आने वाले गंदे पानी को शुद्ध किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे प्राइवेट अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर सतत निगरानी रखना सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद, पयागपुर के दिनेश कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, समस्त खंड विकास अधिकारी, एपीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 14 नामांकन दाखिल हुए: 8 पदों के लिए 23 दिसंबर को होगा गुप्त मतदान, 178 वकील डालेंगे वोट




**पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहर:** अनूपशहर बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए हैं। विभिन्न पदों के लिए 14 वकीलों ने चुनाव अधिकारियों के सामने नामांकन पत्र जमा कराए हैं। 23 दिसंबर को पदाधिकारियों का चुनाव गुप्त मतदान के जरिए किया जाएगा। बार एसोसिएशन के 8 पदों के लिए नामांकन आज दोपहर 10:30 से 3 बजे तक भरे गये। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कमलचंद बंसल, धनंजय शर्मा,हरीश चंद व जयप्रकाश शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सचिव पद के लिए दीपेंद्र राघव व शंशाक गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए जगमोहन सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आशा शर्मा व प्रेमवीर सिंह, वरिष्ठ सह सचिव के लिए ऋषिपाल सिंह, कनिष्क सह सचिव के लिए धर्मेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए राजेश कुमार, ऑडिटर के लिए पीयूष गोयल व धरेंद्र पाल सिंह ने नामांकन पत्र भरा। निम्न सदस्य हैं एल्डर कमेटी में चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शर्मा ने बताया कि चुनाव कराने के लिए 5 सदस्य कमेटी गठित की गई है। जिसमें एडवोकेट अशोक दत्त शर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र दत्ता सोनिक, रविंद्र सिंह बतौर सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस वर्ष भी चुनाव वॉलेट पेपर के द्वारा कराए जाएंगे। इसके लिए कार्यवाही पूरी कर ली गई है।उन्होंने बताया कि इस बार 178 मतदाता अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर आठ पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।

**23 दिसंबर को होगा मतदान**

नामांकन पत्र गुरुवार व शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक लिए गये। 16 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक की जाएगी। इसी क्रम में 17 दिसंबर को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 23 दिसंबर को मतदान अनूपशहर बार एसोसिएशन कार्यालय में सुबह 10 से 3 बजे तक किया जाएगा जिसके तुरंत पश्चात परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## रजवाहे की पुलिया की रेलिंग टूटी, हादसे का खतरा




अमित कुमार (आज का मुद्दा ) खानपुर :- क्षेत्र अमरपुर गांव में रजवाहे की पुलिया की रेलिंग वर्षों से क्षतिग्रस्त है। राहगीरों के लिए टूटी रेलिंग हादसे का खतरा बन सकती है। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने रजवाहे के पुल की रेलिंग बनाने की मांग की मांग की है।

विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुर गांव व खानपुर मार्ग तिराहे पर स्थित रजवाहे की पुलिया की रेलिंग वर्षों से टूटी पडी है। पुलिया को पार करके प्रतिदिन काफी संख्या में चार पहिया व दो पहिया वाहनों का आवागमन होता है। पुलिया के दोनों तरफ की रेलिंग काफी दिनों पहले टूट चुकी है। ऐसे में कई बार साइकिल व बाइक सवार इसके चलते दुर्घटना के भी शिकार हो चुके हैं। गनीमत यही है कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। स्थानीय लोग समेत आमजनों ने इस मुद्दे की तरफ शिकायत पीडब्ल्यूडी विभाग, प्रधान से लेकर विधायक, सांसद और जनपद स्तरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मार्ग पर वाहन फर्राटा भर रहे हैं रजवाही की पुलिया की रेलिंग होने के चलते बड़ा हादसा हो सकता है। आने वाले दिनों में कोहरा पड़ने लगेगा और इस पर हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ड्डखानपुर नगर में नाले की पुलिया पर बनी रेलिंग दे रही दुर्घटना को दावत

नगर प्रत्येक रविवार को जहां पर बाजार लगता है वहीं पर गंदे नाले पर बनी पुलिया की रेलिंग टूटने के बाद खतरा हो गया है। नगर के लोगो ने कई बार इस समस्या के बारे में संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन अभी तक पुलिया की रेलिंग की मरम्मत नहीं हो सकी है। पुलिया का एक तरफ की रेलिंग काफी दिनों से टूटी हुई है। पुलिया का रेलिंग नहीं होने के कारण चारपहिया व बाइक सवारों के नाले में गिरने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार नहर पुलिया पर रेलिंग बनवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नाले में राहगीरो को रात के अंधेरा होने के कारण गिरने की आशंका बनी रहती है। मालवाहक भारी वाहन भी इसी मार्ग से होकर आते जाते रहते हैं। खतरनाक होने के कारण लोग इस टूटी पुलिया के इर्द-गिर्द आने से डरने लगे हैं। इसे लेकर नगर के लोगों में नाराजगी है। ईओ मनोज कुमार यादव का कहना है कि नाले पर कोई रेलिंग नहीं लगी है। बस ईंट की रोक लगी हुई है। जांच करा ली जाएगी।

## विस अध्यक्ष कल्याण ने किया गुजरात विधान सभा का दौरा



**चंडीगढ़ : (राजकुमार)** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को गुजरात विधान सभा पहुंच वहां के विस अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पीठासीन अधिकारियों के बीच विधायी कामकाज, संसदीय कार्यप्रणाली और अनेक परम्पराओं पर व्यापक चर्चा हुई। हरियाणा विस अध्यक्ष ने गुजरात विधान सभा के सदन समेत विधान परिसर का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गुजरात विधान सभा में कमेटियों की कार्य प्रणाली, विधायी कामकाज तथा वहां किए जा रहे अभिनव प्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राष्ट्रीय ई विधान एप्लिकेशन नेवा सेवा केंद्र का भी मुआयना किया। कल्याण ने गुजरात विधान सभा में प्रयोग की जा रही तकनीकों और संसाधनों के बारे में भी संबंधित स्टाफ से बातचीत की। इस दौरान दोनों विधानसभा अध्यक्षों के बीच और भी विभिन्न विषयों पर बातचीत हुई। इससे पूर्व हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने साबरमती आश्रम का दौरा किया। वहां उन्होंने बापू की प्रतिमा को नमन किया तथा आश्रम में स्थित प्रार्थना स्थल, पुस्तकालय, संग्रहालय, खादी आश्रम और बापू के प्राचीन निवास स्थान का अवलोकन किया।

# गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड एवं शीत लहरी से सुरक्षित रखने हेतु जिलाधिकारी एक्शन में

**आज का मुद्दा**
**गौतम बुद्ध नगर :** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप शीत लहरी एवं ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखने हेतु डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अपने रात्रि भ्रमण के दौरान ग्राउंड जीरो पर उतरकर जनपद में संचालित रैन बसेरों तथा विभिन्न स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में आवास कर रहे लोगों से रैन बसेरों में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जोकि संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद की तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदारों तथा राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी गण अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन रात्रि के समय भ्रमणशील रहते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे, सड़क पर यह सड़क की डिवाइडर पर सोता हुआ ना दिखे। और यदि कोई भी व्यक्ति सड़क पर सोता हुआ मिलता है तो तत्काल उसको रेन बसेरों में शिफ्ट कराया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में रैन बसेरों का भ्रमण करते हुए यह भी



सुनिश्चित करें कि वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रहे, वहां रहने वाले व्यक्तियों को कोई परेशानी न हो। इसी कड़ी में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव द्वारा तहसीलदार के साथ अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सड़क पर सो रहे दो लोगों को डेल्टा-2 रैन बसेरे में शिफ्ट कराया। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा द्वारा अपने क्षेत्र में रात्रि भ्रमण के दौरान सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन एवं सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन के पास से खुले में सो रहे दो लोगों को रैन बसेरे में शिफ्ट कराया गया। इसी प्रकार तहसीलदार जेवर, नायब तहसीलदार जेवर द्वारा अपने क्षेत्रो में रात्रि कालीन भ्रमण किया गया जहां कोई भी व्यक्ति सड़क पर सोता हुआ नहीं पाया गया।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने ग्रेनो व ग्रेनो वेस्ट में 8 जगहों पर रैन बसेरा बनाए

**आज का मुद्दा**-नोएडा। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए गरीब-बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 8 जगहों पर रैन बसेरा बनाए गए हैं। ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बरातघर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2 कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बरातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स में बने हैं।
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग-अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते परियोजना विभाग ने ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बरातघर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2





कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बरातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स के पास रैन बसेरा बनवा दिए हैं। इन रैन बसेरा में 15 से 25 बिस्तर लगाए गए हैं। इनमें रात गुजारने वालों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बृहस्पतिवार रात में इन रेन बसेरा का जायजा भी लिया। महाप्रबंधक ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर इन रैन बसेरा में और भी बिस्तर लगा दिए जाएंगे। अगर जरूरत पड़ी तो और जगहों पर भी रैन बसेरा बनाये जा सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति मिले तो उसे रैन बसेरों में जरूर पहुंचा दें। प्राधिकरण के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक एपी वर्मा के मोबाइल नंबर 9205691276 पर भी इसकी सूचना दे सकते हैं। प्राधिकरण की टीम रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करेगी।

## आयुष्मान योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सेक्टर 137 में कार्यक्रम

**आज का मुद्दा-नोएडा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में वाई एस एस फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत आयुष्मान हेल्थ कनेक्ट 70+ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम पारस तिरिया, सेक्टर 137, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित हुआ। इस पहल का उद्देश्य योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। आयोजन को सफल बनाने में सोसायटी अध्यक्ष विक्रांत महाजन और वाई एस एस फाउंडेशन के योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और




उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहायता प्रदान की गई।इस कार्यक्रम में वाई एस एस फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम संयोजक मनीष गुप्ता, आयुष्मान विशेषज्ञ अनिल कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अमित कपिला और वैभव तिवारी, अक्षत खंडेलवाल, पंकज मिश्रा, आदर्श यादव, तोषनी, वाणी मेंहदीरत्ता, अनन्या, कनिका मनकोटिया और सोसायटी के महासचिव धीरज सिंह सहित कई अन्य युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वाईएसएस फाउंडेशन के संयोजक अक्षत खंडेलवाल ने बताया कि यह प्रयास सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने और समाज के वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं के लाभ सुलभ कराने की दिशा में एक सार्थक कदम है।वाईएसएस फाउंडेशन स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत एक अग्रणी संगठन है। फाउंडेशन का लक्ष्य है कि सरकारी योजनाओं और सामाजिक पहलों का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से जरूरतमंदों तक पहुंचे।

## राज्यमंत्री कुँवर ब्रिजेश सिंह ने किया कम्पोजिट स्कूल छलेरा का निरक्षण

**आज का मुद्दा-नोएडा।** लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुँवर ब्रिजेश सिंह के द्वारा कम्पोजिट स्कूल छलेरा विकास खण्ड बिसरख का निरक्षण किया गया। जिसमें NAT एग्जाम दे रहे बच्चों की उपस्थिति के बारे में प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि कुल नामांकन 805 के सापेक्ष 790 बच्चे उपस्थित है जिसे सुनकर माननीय मंत्री जी ने समस्त अध्यापक व पर्यवेक्षक की कार्यो की सहराना की तथा मिड डे मील में उपलब्ध कराई गयीं खीर व खिचड़ी को खाकर गुणवत्ता की जांच की।जिसमे खाने की गुणवत्ता को अच्छी क्वालटी का बताया गया तथा साथ ही विद्यालय की भौतिक सरचना अध्यापकों द्वारा किये जा रहे कार्यो की भी प्रशंसा की।
CSR मुश्कान डीम फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में 11 लैपटॉप व एक स्मार्ट ३५, जिसमे बच्चों के बेसिक



कंटेन्ट की वीडियो द्वारा अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा कंप्यूटर लेब के माध्यम से बेसिक कंप्यूटर नॉलिज, सॉफ्टवेयर, कोडिंग,तथा कंप्यूटर की नई टेक्नोलॉजी के बारे में बच्चो को जानकारी दी जा रही है जिससे बच्चे आने वाले समय मे आधुनिककरण से रूबरू हो सके।मुश्कान ड्रीम फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की ओर जनपद गौतम बुद्ध नगर के समस्त विद्यालयो में कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा साथ ही मुश्कान फाउंडेशन को सहारनपुर में भी कार्य करने को आमंत्रित मंत्री जी द्वारा किया गया।माननीय राज्य मंत्री द्वारा प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर का निरक्षण किया। जिसमे कक्षा एक के रोहित ने 9 का पहाड़ा बड़े ही आसानी से सुना दिया जिससे मंत्री व जिलाधिकारी गौतम बुध नगर ने बच्चे को शाबाशी दी और अध्यापकों की भी अध्यापन कार्यो की सहराना की ।इस मौके पर मंत्री जी द्वारा जनपद में CSR/ NGO/COMPAN द्वारा दिये जा रहे सहयोग तथा कराये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की तथा राज्यमंत्री द्वारा जिला बेसिक अधिकारी श्री राहुल पवार की प्रशंसा की गई। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में कक्षा चार से आठ तक के बच्चों के द्वारा निपुण एसेसमेंट टेस्ट दिया गया उक्त परीक्षा में जनपद स्तरीय जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग के अधिकारियों ने विद्यालयों का निरीक्षण किया प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डायट दनकौर वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा एवं समस्त जिला समन्वयक स्टेट रिसोर्स पर्सन, अकादमिक रिसोर्स पर्सन के द्वारा निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया।इस मौके पर जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के साथ जिला विकास अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला मजिस्ट्रेट,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में लीफी कंपनी ने खरीदी पहली इलेक्ट्रिक बस



**आज का मुद्दा-नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा की पहल पर लीफी बस ने जिले में पहली इलेक्ट्रिक बस खरीदी है। यह बस एक बार चार्ज करने पर 325 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसके लिए कंपनी ने एनसीआर में एक चार्जिंग स्टेशन और देहरादून में दूसरा चार्जिंग स्टेशन बनाया है। एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा ने बताया कि यह बस परमिट फ्री होगी (सभी इलेक्ट्रिक बसें परमिट फ्री होंगी) जो नोएडा से दिल्ली-गाजियाबाद-हरिद्वार होते हुए देहरादून जाएगी। कंपनी के डायरेक्टर रोहन, अमीमेश, विशाल हैं। उन्होंने बताया कि लीकी हर महीने 10 नई ई.बस चलाएगी। एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा ने बताया कि सभी राज्य सरकार प्रत्येक ई.बस पर .20 लाख की सब्सिडी दे रही है।

**छोटी इलेक्ट्रिक बस पर भी सब्सिडी**

एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा ने बताया कि छोटी एलएमवी इलेक्ट्रिक बसों पर भी 20 लाख की सर्विस दी जा रही है। इसके साथ ही परमिट भी फ्री है। ई.बस पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं भी बिना परमिट और बिना किसी टैक्स के बिजनेस यात्रा के लिए है। इससे पहले एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों के इस्तेमाल के लिए 1 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदा था।

## एसटीएफ ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**आज का मुद्दा-नोएडा।** एसटीएफ ने ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से एक इनामी बदमाश सतीश पटेल को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह ने बताया कि इस अपराधी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह कई गंभीर अपराधों में वांछित चल रहा था। एसटीएफ के मुताबिक सतीश पटेल मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के पूरेनगिया पर्वतपुर, थाना जेठवारा का निवासी है। पुलिस की जानकारी के अनुसार, यह अपराधी एक हत्या की घटना में शामिल था जिसमें शिवेन्द्र प्रताप सिंह की हत्या की गई थी। आरोपी ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि शिवेन्द्र सिंह ईट उद्योग के मालिक थे और स्थानीय लोगों को ब्याज पर पैसे देते थे। एक टेन्ट व्यवसायी राजेन्द्र (बचोली) को तीन लाख रुपये ब्याज पर दिए गए थे। जब सतीश पटेल अप्रैल-मई में ब्याज नहीं चुका पाया, तो उसने राजेन्द्र के साथ मिलकर शिवेन्द्र सिंह की हत्या का षड्यंत्र रचा। 4 अगस्त 2024 की रात को शिवेन्द्र सिंह अपने भट्ठे पर शराब पी रहे थे, तभी विकास पटेल, अनिल पटेल और राजेन्द्र बचोली ने उनके सिर में गोली मार दी। इस घटना के बाद शिवेन्द्र के भाई ने थाना जेठवारा में केस दर्ज कराया, और पांच दिन बाद शिवेन्द्र की मृत्यु हो गई। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि सतीश पटेल पर 13 गंभीर मामलों में उत्तर प्रदेश, मुंबई और महाराष्ट्र में केस दर्ज हैं। उसे थाना जेठवारा में धारा 103(1), 62(2) के तहत दाखिल किया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## अमेरिकी नागरिकों को चूना लगाने वाला फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 76 आरोपी गिरफ्तार



**आज का मुद्दा-नोएडा।** सेंट्रल नोएडा जोन की थाना सेक्टर -63 पुलिस ने सेक्टर-63 में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 76 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह इंस्टा सॉल्यूशन नाम से एक कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। जहां से अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर ठगी की जा रही थी। अब तक यह गिरोह 1500 से अधिक लोगों को ठग चुका है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटरों में बग भेजते थे। जिससे उनकी स्क्रीन नीली हो जाती थी। इसके बाद स्क्रीन पर एक हेल्पलाइन नंबर दिखता था। जब पीड़ित उस नंबर पर कॉल करता तो कॉल सेंटर के कर्मचारी स्वयं को माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन या अन्य बड़ी कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर कंप्यूटर ठीक करने के लिए 99 डॉलर से 500 डॉलर तक की मांग करते थे। भुगतान बिटकॉइन, गिफ्ट कार्ड या अन्य डिजिटल माध्यम से लिया जाता था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 76 लोगों में 67 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। जिनमें से अधिकतर नॉर्थ-ईस्ट के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 58 लैपटॉप, 45 चार्जर, 2 राउटर, 45 हेडफोन, 24 मोबाइल फोन और एक एप्पल मैकबुक बरामद की गई है। गिरोह के सदस्य स्काइप एप के जरिए अमेरिकी नागरिकों का डाटा खरीदते थे और फिर इसे अपने काम में इस्तेमाल करते थे। ग्राहकों को फर्जी संदेश या वॉइस नोट्स भेजे जाते थे। जिनमें उन्हें बताया जाता कि उनका अकाउंट हैक हो गया है या उनके नाम पर कोई पार्सल तैयार है। इस डर के कारण पीड़ित भुगतान करने को मजबूर हो जाते थे। यह कॉल सेंटर कुरुनाल, सौरम, सादिक और साजिद अली मिलकर चला रहे थे। इन सभी पर पहले भी गुजरात में धोखाधड़ी के मामलों में जेल जाने का आरोप है। गिरोह अमेरिकी नागरिकों को लोन देने के नाम पर भी ठगी करता था।

## हत्या के केस में पैरवी करने पर मारपीट करने का आरोप

**आज का मुद्दा-नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पैरवी करने वाले चाचा ने आरोपियों पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी सगे भाइयों ने पीड़ित को कोर्ट के बाहर भी धमकाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पाली गांव के रहने वाले चाहतराम ने तीन सगे भाई सुबोध, रवि और सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। चाहतराम ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले आरोपियों ने उनके भतीजे रोबिन की घर से अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए रोबिन का शव कोट गांव के समीप गंग नहर से बरामद किया था। पीड़ित के मुताबिक इस मुकदमे में कोर्ट में गवाही चल रही है। पीड़ित दो दिन पहले मुकदमे की पैरवी को लेकर कोर्ट गया था। कोर्ट से बाहर निकलने पर आरोपी सगे भाइयों ने उसे रोक लिया और मुकदमे की पैरवी करने पर गाली गलौज कर मारपीट की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आज का मुद्दा-नोएडा।** रेकी करने के बाद मोबाइल और लैपटॉप की चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को फेज तीन थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिजनौर निवासी 26 वर्षीय अरबाज उर्फ शेकू के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल और दो लैपटॉप बरामद हुए है। वारदात में इस्तेमाल होने वाली चोरी की बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में चार केस फेज तीन और सेक्टर-63 थाने में दर्ज हैं। अन्य थानों से भी आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जब वह चोरी की फिराक में घूम रहा था तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उसकी गिरफ्तारी हुई।

## जीएसटी विभाग ने कई उद्यमियों को नोटिस भेजा

**आज का मुद्दा-नोएडा।** वस्तु एवं सेवा कर विभाग की ओर से 10 से 15 वर्ष पुराने मामलों में उद्यमियों को नोटिस भेजा गया है। इस नोटिस के माध्यम से कर जमा करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही कई उद्यमियों के द्वारा पुराना कर जमा न करने पर बैंक खाता भी सीज कर दिया है। उद्यमी जीएसटी विभाग के नोटिस का विरोध कर रहे हैं। जीएसटी विभाग द्वारा बीते एक से दो महीनों में भीतर सौ से अधिक उद्यमियों को नोटिस भेजे गए हैं। इन नोटिसों में 10 से 15 साल पुराने मामलों में कर बकाया बताते हुए जुमार्ना के साथ कर जमा करने के निर्देश दिए हैं। उद्यमियों को हजारों और लाखों रुपये कर के रूप में जमा करने के निर्देश दिए हैं। कर जमा नहीं करने पर आगे की कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं, उद्यमी संगठन एनईए के महासचिव वीके सेठ ने बताया कि अब उद्यमियों के पास 10 से 15 साल पुराने ममालें में कर जमा के दस्तावेज नहीं है। ऐसे में कैसे साबित करें कि उन्होंने कर जमा कर दिया है। वहीं, आरोप लगाया कि विभाग स्वयं दस्तावेजों को ठीक से नहीं रखता और उद्यमियों को नोटिस भेजकर परेशान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ उद्यमियों के बैंक खाते भी सीज कर दिए है। ऐसे में इन उद्यमियों की परेशानी बढ़ गई है। जीएसटी विभाग की आयुक्त और अपर आयुक्त के समक्ष भी उद्यमियों की परेशानी को रखा गया है।

# राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद के प्रभारी मंत्री ने जनपद गौतम बुद्ध नगर का किया भ्रमण

**आज का मुद्दा-गौतम बुद्ध नगर :** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निदेर्शानुसार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों व योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में जनपदों के प्रभारी मंत्री गण अपने-अपने जनपदों में पहुंचकर मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि सभी को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का भरपूर लाभ बेहतर ढंग से प्राप्त हो सके। इसी श्रृंखला में आज माननीय राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी सेंटर, डायलिस, आयुष्मान भारत काउंटर, फिजियोथेरेपी, ब्लड़ बैंक, तम्बाकु उन्मूलन, दवाई वितरण, पंजीकरण ओ0पी0डी0 आदि का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण किया और स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को भरपूर लाभ दिया जाए, कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आवश्यक चिकित्सा संयंत्र एवं पर्याप्त मात्रा में औषधि की उपलब्धता बनी रहे। अस्पताल में आने वाले मरीजों को




बाहर से दवा न खरीदनी पड़े इस प्रकार अस्पताल में औषधि की उपलब्धता बनाई रखी जाए।
मंत्री जी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की अस्पताल परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं साफ सफाई मानकों के अनुरूप बनी रहे। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की सभी चिकित्सकगण चिकित्सालय में समय से उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश शासन के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। माननीय मंत्री जी ने इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की अस्पताल में स्टाफ एवं चिकित्सक के द्वारा जनसामान्य से मृदुल व्यवहार रखते हुए ही चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराया जाये ताकि उत्तर प्रदेश के जन-जन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सके।
मंत्री जी ने इस अवसर पर अस्पताल परिसर में मूलभूत सुविधाओं एवं साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संतोष प्रकट किया एवं अस्पताल प्रबंधक के कार्यों की सराहना की। उन्होंने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से भी अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त की, जो की संतोषजनक प्राप्त हुई।
मंत्री जी के निरीक्षण के दौरान डीएम मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल, तहसीलदार जेवर विवेक भदौरिया तथा अन्य संबंधित अधिकारीकरण उपस्थित रहे।